वृहद
कवच संग्रह

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

बृहद कवच-संग्रह

दिव्य, प्रभावशाली एवं शीघ्र फलदायी
अभूतपूर्व कवचों का संकलन

सम्पादनः श्री शिवस्वरूप याज्ञिक

मूल्य - 150 - रु०

प्रकाशक:
बी०एस० प्रमिन्दर
प्रकाशन, दिल्ली-51

मुख्य वितरक:
कर्मसिंह अमरसिंह,
पुस्तक विक्रेता, बड़ा बाजार
फोन-01334-225619

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

प्रकाशक :
बी.एस. प्रमिन्दर प्रकाशन
दिल्ली-51

मुख्य वितरक :
कर्मसिंह अमरसिंह
पुस्तक विक्रेता, बड़ा बाजार
हरिद्वार-उत्तरांचल
फोन-01334-225619

सम्पादक :-
श्री शिवस्वरूप याज्ञिक

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

अन्य पुस्तकें वी.पी.पी. से मंगवाये

भविष्य पुराण भा.टी. 3 भाग	975
ब्रह्म पुराण भा.टी.	500
अग्नि पुराण भा.टी.	350
भागवत पुराण भा.टी. पत्राकार	500
शिवपुराण भाषा टीका पत्राकार	600
देवीभागवत पुराण भा.टी. पत्राकार	600
हरिवंश पुराण भाषा टीका	600
मंत्र महोददी भाषा टीका	450
मंत्र महार्णव भा.टी.	1000
शुक्ल यजर्वेद संहिता मूलपाठ	200
श्री सूक्त, लक्ष्मी सूक्त, पुरुष सूक्त	25
रुद्रीष्टाध्यायी (रुद्राभिषेक)	25
100 वर्षीय पंचाग सौ साल का	600
यज्ञ मीमांसा-वेणी प्रसाद गौड़	275
यज्ञ मंत्र संग्रह-वेणी प्रसाद गौड़	200
यज्ञ कुण्ड निर्माण विधि	100
दुर्गा याग विधान	200
अनुष्ठान प्रकाश 3 भाग सम्पूर्ण	900
ग्रह शान्ति भाषा टीका	80
कर्मकाण्ड भास्कर-विशाल मणि	75
दुर्गा उपासना कल्पद्रुम-	250
कर्मठ गुरु-बाल मुकुन्द	85
कर्मकाण्ड प्रदीप-जनार्दन शास्त्री	85
वृहद कर्मकाण्ड प्रदीप	250
निर्णय सिन्धु (दोनों खण्ड सम्पूर्ण)	500
धर्म सिन्धु भाषा टीका	300
व्रतराज भाषा टीका	400
कूर्म पुराण भाषा टीका	250
स्कन्ध पुराण केदारखण्ड	350
वायु पुराण भाषा टीका	450
ब्रह्माण्ड पुराण भाषा टीका	650
वाल्मीकि रामायण भाषा टीका	800
ब्रह्म वैवर्त पुराण भाषा टीका	650
श्री रावण संहिता (हस्त लिखित)	2500
श्री भृगु संहिता कुण्डली रहस्य	2500
श्री भृगु संहिता महाशास्त्र	1900
मत्स्य पुराणा भाषा टीका 2भाग	425
वृहद नारदीय पुराण भाषा टीका	400
सर्वदेव प्रतिष्ठा प्रकाश	160
सर्वदेव प्रतिष्ठार्णव प्रतिष्ठा मयूख	200
शिव रहस्यम् भाषा टीका	100
काली रहस्यम् भाषा टीका	100
हनुमान रहस्य भाषा टीका	100
शिवयाग रहस्य भाषा टीका	100

KAWACH SANGRAH

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अनुक्रमणिका

1. अमोघ शिव कवचम् 5
2. श्री नारायण कवचम् 17
3. श्री गोपाल-अक्षय कवचम् 29
4. श्री गायत्री कवचम् 32
5. श्री दिव्य काली कवचम् 36
6. श्री हनुमान कवचम् 40
7. श्री विघ्न विनाशक गणेश कवचम् 48
8. श्री शरीरोग्यप्रदं दिव्यम् सूर्य कवचम् 53
9. सर्व सम्पतप्रदं एकादश मुख हनुमत्कवचम् 55
10. सर्वकामदम् सरस्वती कवचम् 60
11. सर्वरक्षाकरम् दुर्गा कवचम् 64
12. पुण्यदा तुलसी कवचम् 75
13. दशश्लोकी अन्नपूर्णा कवचम् 79
14. श्री महालक्ष्मी कवचम् 85
15. श्रीनृसिंह कवचम् 95
16. श्री राधा कवचम् 97
17. श्री धनदा कवचम् 99
18. रुद्रयामलोक्त: श्रीबटुक-भैरव-ब्रह्म कवचराज: 100
19. भैरव-तन्त्रोक्तं श्रीबटुक-भैरव: कवचम् 101
20. ऐश्वर्यदायकं श्रीबटुक-भैरव-कवचम् 102
21. श्री सुदर्शन कवचम् 104
22. श्री दत्तात्रेयवज्र कवचम् 108
23. मृतसंजीवनी कवचम् 127
24. श्रीप्रत्यङ्गिरा कवचम् 132
25. श्री तारा कवचम् 134
26. श्री बालात्रिपुरसुन्दरी कवचम् 138
27. श्री महात्रिपुरसुन्दरी कवचम् 142

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

28. श्रीपरा महायोनि कवचम् 144
29. भुवनेश्वरी त्रैलोक्य मंगल कवचम् 150
30. भुवनेश्वरी त्रैलोक्य मोहन कवचम् 152
31. अथ श्री भैरवी त्रैलोक्य विजय कवचम् 155
32. अथ श्री त्रिपुरभैरवी कवचम् 158
33. श्री त्रैलोक्यविजय छिन्नमस्ता कवचम् 162
34. श्री धूमावती कवचम् 164
35. श्री बगलामुखी कवचम् 165
36. अथ बगलामुखी ब्रह्मस्त्र कवचम् 167
37. अथ श्री ब्रह्मास्त्र बगला वज्र कवचम् 171
38. अथ श्री त्रैलोक्यविजय कवचम् 175
39. अथ मातङ्गी त्रैलोक्य मङ्गल कवचम् 179
40. श्री कमला कवचम् 182
41. श्री कुण्डलिनी कवचम् 183
42. श्री यमुना कवचम् 188
43. श्री परशुराम भार्गव कवचम् 189
44. श्रीगङ्गा कवचम् 195
45. श्री शरभ कवचम् 196
46. विश्वावसु गन्धर्वराज कवच स्तोत्रम् 205

भक्तजनों से निवेदन-इस कलिकाल में वृहद कवच संग्रह का पाठ सर्व फलदायक होने के साथ मुक्तिदायक भी है। नित्य पाठ से जो आनन्द की अनुभूति होती है, वह पाठ करने वाले भली प्रकार जानते हैं। किसी भी सत् कार्य में सहायता देना भी भक्ति का अंग है। इस पुस्तक दान भी उत्तम परमार्थ है। धन के दान की अपेक्षा इस पुस्तक का दान कई गुना उत्तम है। वृहद कवच संग्रह पुस्तक प्रचारार्थ बांटने के लिए इकट्ठी लेने पर लागत मात्र मूल्य लिया जाता है।

कर्मसिंह अमरसिंह पुस्तक विक्रेता हरिद्वार। फोन-01334-225619

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री अमोघशिव कवचम्

यह अमोघ शिव कवच परम गोपनीय, अत्यन्त आदरणीय, सब पापों को दूर करने वाला, सारे अमङ्गलों, विघ्न बाधाओं को हरने

वाला, परम पवित्र, जयप्रद और सम्पूर्ण विपत्तियों का नाशक माना गया है। यह परम हितकारी है और सब भयों को दूर करता है। इसके प्रभाव से क्षीणायु, मृत्यु के समीप पहुंचा हुआ महान् रोगी मनुष्य भी शीघ्र निरोगता को प्राप्त करता है और उसकी दीर्घायु हो जाती है। अर्थाभाव से पीड़ित मनुष्य की सारी दरिद्रता दूर हो जाती है और उसको सुख-वैभव की प्राप्ति होती है। पापी महापातक से छूट जाता है और इसका भक्ति-श्रद्धापूर्वक धारण करने वाला निष्काम पुरुष देहान्त के बाद दुर्लभ मोक्षपद को प्राप्त होता है।

महर्षि ऋषभ ने इसका उपदेश करके एक संकट ग्रस्त राजा को दुख मुक्त किया था। यह कवच श्री स्कन्द पुराण के ब्रह्मोतर खण्ड में है।

पहले विनियोग छोड़कर ऋष्यादिन्यास, करन्यास और हृदयादि अङ्गन्यास करके भगवान शंकर का ध्यान करे। (तदनन्तर कवच का पाठ करे।)

अस्य श्रीशिवकवचस्तोत्रमन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः अनुष्टुप, छन्दः, श्रीसदाशिवरुद्रो देवता, ह्रीं शक्तिः, वं कीलकम् श्रीं ह्रीं क्लीं बीजम् सदाशिवप्रीत्यर्थे शिवकवचस्तोत्रजपे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यासः

ॐ ब्रह्मऋष्ये नमः, शिरसि। अनुष्टुप् छन्दसे नमः, मुखे। श्रीसदाशिवरुद्रदेवतायै नमः, हृदि। ह्रीं शक्तये नमः, पदयोः। वं कीलकाय नमः, नाभौ। श्रीं ह्रीं क्लीमिति बीजाय नमः, गुह्ये। विनियोगाय नमः, सर्वांगे।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अथ करन्यास

ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने ॐ ह्रीं रां सर्वशक्तिधाम्ने ईशानात्मने, अंगुष्ठाभ्यां नमः।
ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने ॐ नं रीं नित्यंतृप्तिधाम्रे। तत्तुरुषात्मने, तर्जनीभ्यां नमः।
ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने ॐ मं रूं अनादिशक्तिधाम्ने अघोरात्मने, मध्यमाभ्यां नमः।
ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने, ॐ शिं रैं स्वतन्त्रशक्तिधाम्ने वामदेवात्मने, अनामिकाभ्यां नमः।
ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने ॐ वां रौं अलुप्तशक्तिधाम्ने सद्योजातात्मने, कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।
ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने ॐ यं रः अनादिशक्तिधाम्ने, सर्वात्मने, करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयाद्यंगन्यासः

ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने ॐ ह्रीं राँ सर्वशक्तिधाम्ने ईशानात्मने हृदयाय नमः।

ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने ॐ नं री नित्यतृप्तिधाम्ने तत्पुरुषात्मने शिरसे स्वाहा।

ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने ॐ मं रूं अनादिशक्तिधाम्ने अघोरात्मने शिखायै वषट्।

ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने ॐ शिं रैं स्वतन्त्रशक्तिधाम्ने वामदेवात्मने कवचाय हुम्।

ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने ॐ वां रौं अलुप्तशक्तिधाम्ने सद्योजातात्मने नेत्रत्रयाय वौषट्।

ॐ नमो भगवते ज्वलज्जवालामालिने ॐ यं रं अनादिशक्तिधाम्ने सर्वात्मने अस्त्राय फट्।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अथ ध्यानम्

वज्रदंष्ट्र त्रिनयनं कालकण्ठमरिंदमम्।
सहस्त्रकरमप्युग्रं वन्दे शम्भुमुमापतिम्।

ध्यानार्थ :- जिनकी दाढ़े बज्र के समान हैं, जो त्रिनेत्रधारी हैं, जिनके कण्ठ में हलाहल-पान का नीला चिन्ह सुशोभित होता है, जो शत्रुभाव रखने वालों को दबाने वाले हैं, जिनके सहस्त्रों हाथ हैं तथा जो अभक्तों के लिए अत्यन्त उग्र हैं, उन उमापति शम्भु (भगवान शिव जी) को मैं प्रणाम करता हूँ।

ऋषभ उवाच

नमस्कृत्य महादेवं विश्वाव्यापिनमीश्वरम्।
वक्ष्ये शिवमयं वर्म सर्वरक्षाकरं नृणाम्॥१॥
अथापरं सर्वपुराणगुह्यं निःशेषपापौघहरं पवित्रम्।
जयप्रदं सर्वविपद्विमोचनं वक्ष्यामिश्वं कवचं हिताय ते॥

ऋषभ जी कहते हैं- जो सम्पूर्ण पुराणों में गोपनीय कहा गया है, समस्त पापों को हर लेने वाला है, पवित्र जयदायक तथा सम्पूर्ण विपत्तियों से छुटकारा दिलाने वाला है, उस सर्वश्रेष्ठ शिव कवच का मैं तुम्हारे हित के लिए उपदेश करूंगा। मैं विश्वव्यापी ईश्वर महादेव जी को नमस्कार करके मनुष्यों की सब प्रकार से रक्षा करने वाले इस शिवस्वरूप कवच का वर्णन करता हूं॥१॥

शुचौ देशे समासीनो यथावत्कल्पितासनः।
जितेन्द्रियो जितप्राणश्चिन्तयेच्छिवमव्ययम्॥२॥

पवित्र स्थान में तथा योग्य आसन बिछाकर बैठे। इन्द्रियों को अपने वश में करके प्राणायाम पूर्वक अविनाशी भगवान् शिव का चिंतन करें॥२॥

हृत्यपुण्डरीकांतरसंनिविष्टं स्वतेजसा व्याप्तनभोऽवकाशम्।
अतीन्द्रियं सूक्ष्मनन्तमाद्यं ध्यायेत् परानंदमयं महेशम्॥३॥

'परमानन्दमय भगवन् महेश्वर हृदय-कमल के भीतर की कर्णिका

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

में विराजमान हैं, उन्होंने अपने तेज से आकाश मण्डल को व्याप्त कर रखा है। वे इन्द्रियातीत, सूक्ष्म, अनन्त एवं सबके आदिकारण हैं।' इस तरह उनका चिन्त करे।।३।।

ध्यानावधूताखिलकर्मबन्धश्चिरं चिदानंदनिमग्नचेताः।
षडक्षरन्याससमाहितात्मा शैवेन कुर्यात् कवचेन रक्षाम्।।४।।

इस प्रकार ध्यान के द्वारा समस्त कर्म बंधन का नाश करके चिदानन्दमय भगवान सदाशिव में अपने चित्त को चिर काल तक लगाये रहे। फिर षडक्षरन्यास के द्वारा अपने मन को एकाग्र करके मनुष्य निम्नांकित शिव कवच के द्वारा अपनी रक्षा करे।।४।।

श्री शिव कवच प्रारम्भ

मां पातु देवोऽखिलदेवतात्मा, संसारकूपे पतितं गभीरे।
तन्नाम दिव्यं वरमन्त्रमूलं, धुनोतु मे सर्वमघं हृदिस्थम्।।५।।

सर्वदेवमय महादेव जी गहरे संसार-कूप में गिरे हुए मुझ असहाय की रक्षा करें। उनका दिव्य नाम जो उनके श्रेष्ठ मंत्र का मूल है। मेरे हृदय स्थित समस्त पापों का नाश करे।।५।।

सर्वत्र मां रक्षतु विश्वमूर्ति-ज्योतिर्मयानन्दघनश्चिदात्मा।
अणोरणीयानुरुशक्तिरेकः स ईश्वरः पातु भयांदशेषात्।।६।।

सम्पूर्ण विश्व जिनकी मूर्ति है, जो ज्योतिर्मय आनन्दघनस्वरूप चिदात्मा हैं, वे भगवान मेरी सर्वत्र रक्षा करें। जो सूक्ष्म से भी अत्यन्त सूक्ष्म हैं, महान शक्ति से सम्पन्न हैं, वे अद्वितीय 'ईश्वर' महादेव जी सम्पूर्ण भयों से मेरी रक्षा करें।।६।।

यो भूस्वरूपेण बिभर्ति विश्वं, पायात् स भूमेर्गिरिशोऽष्टमूर्तिः।
योऽपां स्वरूपेण नृणां करोति, संजीवनं सोऽवतु मां जलेभ्यः।।७।।

जिन्होंने पृथ्वी रूप से इस विश्व को धारण कर रखा है, वे अष्टमूर्ति 'गिरिश' पृथ्वी से मेरी रक्षा करें। जो जल रूप से जीवों को जीवन दान दे रहे हैं, वे 'शिव' जल से मेरी रक्षा करें।।७।।

कल्पावसाने भुवनानि दग्ध्वा सर्वाणि यो नृत्यति भूरिलीलः।
स कालरुद्रोऽवतु मां दवाग्ने-र्वात्यादिभीतेरखिलाच्च तापात्।।८।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

जो विशद लीला विहारी 'शिव' कल्प के अन्त में समस्त भवनों को दग्ध करके (आनन्द से) नृत्य करते हैं, वे 'कालरुद्र' भगवान् दावानल से, आंधी-तूफान से भय से और समस्त तापों से मेरी रक्षा करें।।८।।

प्रदीप्तविद्युत्कनकावभासो विद्यावराभीतिकुठारपाणिः।
चतुर्मुखस्तपुत्रुषस्त्रिनेत्रः प्राच्यां स्थितं रक्षतु मामजस्त्रम्।।९।।

प्रदीप्त विद्युत एवं स्वर्ण के सदृश जिनकी कान्ति है, विद्या, वर और अभय (मुद्राएं) तथा कुल्हाड़ी जिनके कर-कमलों में सुशोभित है, चतुर्मुख त्रिलोचन है, वे भगवान् 'तत्पुरुष' पूर्व दिशा में निरन्तर मेरी रक्षा करें।।९।।

कुठारवेदांकुशपाशशूल-कपालढक्काक्षगुणान् दधानः।
चतुर्मुखो नीलरुचिस्त्रिनेत्रः पायादघोरो दिशि दक्षिणस्याम्।।१०।।

जिन्होंने अपने हाथों में कुल्हाड़ी, वेद, अंकुश, फन्दा, त्रिशूल, कपाल, डमरू और रूद्राक्ष की माला को धारण कर रखा है तथा जो चतुर्मुख हैं, वे नील कांति त्रिनेत्रधारीभगवान 'अघोर' दक्षिण दिशा में मेरी रक्षा करें।।१०।।

कुन्देन्दुशंखस्फटिकावभासो, वेदाक्षमालावरदाभयांकः।
त्र्यक्षश्चतुर्वक्त्र उरुप्रभावः, सद्योऽधिजातोऽवतु मां प्रतीच्याम्।।११।।

कुन्द, चन्द्रमा, शंख और स्फटिक के समान जिनकी उज्जवल कांति है, वेद रुद्राक्ष माला, वरद और अभय (मुद्राओं) से जो सुशोभित हैं, वे महाप्रभावशाली चतुरानन एवं त्रिलोचन भगवान् 'सद्योजात' पश्चिम दिशा में मेरी रक्षा करें।।११।।

वराक्षमालाभयटङ्कहस्तः सरोजकिञ्जल्कसमानवर्णः।
त्रिलोचनश्चात्रचतुर्मुखो मां पायादुदीच्यां दिशि वामदेवः।।१२।।

जिनके हाथों में वर एवं अभय (मुद्राए), रूद्राक्षमाला और टाकी विराजमान हैं तथा कमल-किञ्जल्क के सदृश जिनका गौर वर्ण है, वे सुन्दर चार मुख वाले त्रिनेत्रधारी भगवान् 'वामदेव' उत्तर दिशा में मेरी रक्षा करें।।१२।।

वेदाभयेष्टांकुशपाशटङ्क- कपालढक्काक्षकशूलपाणिः।
सितद्युतिः पञ्चमुखोऽवतान्मा, मीशान उर्ध्व परमप्रकाशः।।१३।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

जिनके कर-कमलों में वेद, अभय और वर (मुद्राएं), अंकुश, टांकी, फन्दा,. कपाल, डमरू, रुद्राक्षमाला और त्रिशूल सुशोभित हैं, जो श्वेत आभा से युक्त हैं, वे परम प्रकाश रूप पञ्चमुख भगवान् 'ईशान' मेरी ऊपर से रक्षा करें।।१३।।

मूर्द्धानमव्यान्मम चन्द्रमौलिर्भालं ममाव्यादथ भालनेत्रः।
नेत्रे ममाव्याद् भगनेत्रहारी नासां सदा रक्षतु विश्वनाथः।।१४।।

भगवान् 'चन्द्रमौलि' मेरे सिर की, 'भालनेत्र' मेरे ललाट की, 'भगनेत्रहरी' मेरे नेत्रों की और 'विश्वनाथ' मेरी नासिका की सदा रक्षा करें।।१४।।

पायाच्छुती मे श्रुतिगीतकीर्तिः, कपोलमव्यात् सततं कपाली।
वक्त्रं सदा रक्षतु पञ्चवक्त्रो, जिह्वां सदा रक्षतु वेदजिह्वः।।१५।।

'श्रुतिगीतकीर्ति' मेरे कानों की, 'कपाली' निरन्तर मेरे कपोलों की 'पञ्चमुख' मुख की तथा 'वेदजिह्व' जीभ की रक्षा करें।।१५।।

कण्ठं गिरिशोऽवतु नीलकण्ठः, पाणिद्वयं पातु पिनाकपाणिः।
दोर्मूलमव्यान्मम धर्मबाहु-र्वक्षः स्थलं दक्षमखान्तकोऽवात्।।१६।।

'नीलकण्ठ' महादेव मेरे गले की, 'पिनाकपाणि' मेरे दोनों हाथों की, 'धर्मबाहु' दोनों कन्धों की तथा 'दक्षयज्ञविध्वंसी' मेरे वक्षःस्थल की रक्षा करें।।१६।।

ममोदरं पातु गिरीन्द्रधन्वा, मध्यं ममाव्यान्मदनान्तकारी।
हेरम्बतातो मम पातु नाभिं, पायात् कटी धूर्जटिरीश्वरो मे।।१७।।

'गिरीन्द्रधन्वा' मेरे पेट की, 'कामदेव के नाशक' मध्यदेश की, 'गणेश जी के पिता' मेरी नाभि की तथा 'धूर्जटि' मेरी कटि की रक्षा करें।।१७।।

उरूद्वयं पातु कुबेरमित्रो, जानुद्वयं मे जगदीश्वरोऽव्यात्।
जङ्घायुगं पुङ्गवकेतुरव्यात्, पादौ ममाव्यात् सुरवन्द्यपादः।।१८।।

'कुबेरमित्र' मेरी दोनों जांघों की, 'जगदीश्वर' दोनों घुटनों की, 'पुंगवकेतु' दोनों पिंडलियों की और 'सुरवंद्यचरण' मेरे पैरों की सदैव रक्षा करें।१८।।

महेश्वरः पातु दिनादियामे, मां मध्यमामेऽवतु वामदेवः।
त्रियम्बकः पातु तृतीययामे, वृषभध्वजः पातु दिनान्त्ययामे।।१९।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

'महेश्वर' दिन के पहले पहर में मेरी रक्षा करें। 'वामदेव' मध्य पहर में मेरी रक्षा करें। 'त्र्यम्बक' तीसरे पहर में और 'वृषभध्वज' दिन के अंत वाले पहर में मेरी रक्षा करें।।१९।।

पायान्निशादौ शशिशेखरो मां गङ्गाधरो रक्षतु मां निशीथे।
गौरांपतिः पातु निशावसाने मृत्युञ्जयो रक्षतु सर्वकालम्।।२०।।

'शशिशेखर' रात्रि के आरम्भ में, 'गंङ्गाधर' अर्धरात्रि में, 'गौरीपति' रात्रि के अन्त में और 'मुत्युञ्जय' सर्वकाल में मेरी रक्षा करें।।२०।।

अन्तः स्थितं रक्षतु शङ्करो मां, स्थाणुः सदा पातु बहिः स्थितं माम्।
तदन्तरे पातु पतिः पशूनां, सदाशिवो रक्षतु मां समन्तात्।।२१।।

'शङ्कर' घर के भीतर रहने पर मेरी रक्षा करें। 'स्थाणु' बाहर रहने पर मेरी रक्षा करें 'पशुपति' बीच में मेरी रक्षा करें और 'सदाशिव' सब ओर मेरी रक्षा करें।।२१।।

तिष्ठन्तमव्याद्भुवनैकनाथः पायाद् व्रजन्तं प्रमथाधिनाथः।
वेदांतवेद्योऽवतु मां निषण्णं मामव्ययः पातु शिवः शयानम्।।२२।।

'भुवनैकनाथ' खड़े होने के समय, 'प्रमथनाथ' चलते समय, 'वेदान्तवैद्य' बैठे रहने के समय और 'अविनाशी शिव' सोते समय मेरी रक्षा करें।।२२।।

मार्गेषु मां रक्षतु नीलकण्ठः शैलादिदुर्गेषु पुरत्रयारिः।
अरण्यवासादिमहाप्रवासे पायान्मृगव्याध उदारशक्तिः।।२३।।

'नीलकण्ठ' रास्ते में मेरी रक्षा करें। 'त्रिपुरारि' शैलादि दुर्गो में और उदारशक्ति 'मगव्याध' वनवासादि महान प्रवासों में मेरी रक्षा करें।।२३।।

कल्पान्तकाटोपपटुप्रकोपः स्फुटाट्टहासोच्चलिताण्डकोशः।
घोरारिसेनार्णवदुर्निवार- महाभयाद् रक्षतु वीरभद्रः।।२४।।

जिनका प्रबल क्रोध कल्पों का अन्त करने में अत्यन्त पट है, जिनके प्रचण्ड अट्टहास से ब्रह्माण्ड कांप उठता है, वे 'वीरभद्रजी' समुद्र के सदृश भयानक शत्रु सेना के दुर्निवार महान भय से मेरी रक्षा करें।।२४।।

पत्त्यश्वमातंगघटावरूथ- सहस्त्रलक्षायुतकोटिभीषणम्।
अक्षौहिणीनां शतमाततायिनां क्षिन्द्यान्मृडो घोरकुठारधारया।।२५।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

भगवान 'मड' मुझ पर आततायी रूप से आक्रमण करने वालों की हजारों, दस हजारों, लाखों और करोड़ों पैदलों, घोड़ों और हाथियों से युक्त अति भीषण सैकड़ो अक्षौहिणी सेनाओं का अपनी घोर कुठार धार से भेदन करें।।२५।।

निहन्तु दस्यून् प्रलयानलार्चि-र्ज्वलत् त्रिशूलं त्रिपुरान्तकस्य।
शार्दूसिंहर्क्षवृकादिहिंस्रान् संत्रासयत्वीशधनुः पिनाकम्।।२६।।

भगवान 'त्रिपुरान्तक' का प्रलयाग्नि के समान ज्वालाओं से युक्त जलता हुआ त्रिशूल मेरे दस्यु दल का विनाश कर दे और उनका पिनाक धनुष, चीता, सिंह, रीछ, भेड़िया आदि हिंस्त्र जन्तुओं को संत्रस्त करें।।२६।।

दुःखस्वप्नदुश्शकुनदुर्गतिदौर्मनस्य-दुर्भिक्षदुर्व्यसनदुस्सहदुर्यशांसि।
उत्पाततापविषभीतिमसद्ग्रहार्तिव्याधींश्च नाशयतु मे जगतामधीशः।।२७।।

वे जगदीश्वर मेरे बुरे स्वप्न, बुरे शकुन, बुरी गति, मन की दुष्ट भावना, दुर्भिक्ष, दुर्व्यसन, दुस्सह, अपयश, उत्पात, सन्ताप, विषभय, दुष्ट ग्रहों की पीड़ा तथा समस्त रोगों का नाश करें।।२७।।

ॐ नमो भगवते सदाशिवाय सकलतत्त्वात्मकाय राकलतत्त्वविहाराय सकललौकेककर्त्रे सकललोककैकभर्त्रे सकललोकैकहर्त्रे सकललोकैकगुरवे सकललोकराक्षिणे सकलनिगमगुह्याय सकलवरप्रदाय सकलदुरितार्त्तिभञ्जनाय सकलजगदभयंकराय सकललोकैकशंकराय शशांकशेखराय शाश्वतनिजाभासाय निर्गुणाय निरुपमाय नीरुपाय निराभासाय निरामयाय निष्प्रपंचाय निष्कलंकाय निर्द्वन्द्वाय निस्संगाय निर्मलाय निर्गमाय नित्यरूपविभवाय निरुपमविभवाय निराधाराय नित्यशुद्धबुद्धपरिपूर्णसच्चिदानन्दाद्वयाय परमशान्तंप्रकाश-तेजोरूपाय जय जय महारूद्र महारौद्र भद्रावतार दुःखदावदारण महाभैरव कालभैरव कल्पान्तभैरव कलपान्तभैरव कपालमालाधर खट्वांगखंगचर्मपाशांकुशडमरुशूलचापबाणगदाशक्तिभिन्दिपा-लतोमरमूसलमुगद्रपट्टिशपरशुपरिघभुशुण्डीशताघ्नीचक्राद्या-युधभीषणकर सहस्त्रमुख दंष्ट्राकराल विकटाट्टहासविसफा-

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

रितब्रह्माण्डमण्डलनागेन्द्रगुण्डल नागेन्द्रहार नागेन्द्रवलय नागेन्द्रचर्मधर मृत्युञ्जय त्र्यम्बक त्रिपुरान्तक विरूपाक्ष विश्वेश्वर वृषभवाहन विषभूषण विश्वतोमुख सर्वतो रक्ष रक्ष मां ज्वल ज्वल महामृत्युभयमुत्सादयोत्सादयं नाशय नाशय रोगभयमुत्सादयोत्सादय विषसर्पभयं शमय शमय चोरभयं मारय मारय मम शत्रुनुच्चाटयोच्चाट य शूलेन विदारय विदारय कुठारेण भिन्धि भिन्धि खंगेन छिन्धि छिन्धि खट्वांगेन विपोथय विपोथय मुसलेन निष्पेषय निष्पेषय बाणैः संताडय संताडय रक्षांसि भीषय भीषय भूतानि विद्रावय विद्रावय कूष्मांडवेतालमारीगणब्रह्म-राक्षसान् संत्रासय संत्रासय ममाभयं कुरु कुरु वित्रस्तं मामाश्वास-याश्वासय नरकभयान्मामुद्धारयोद्धारय संजीवय संजीवय क्षुत्तृड्भ्यां मामाप्याययाप्यायय दुःखातुरं मामानन्दयानन्दय शिवकवचेन मामाच्छादयाच्छादय त्र्यम्बक सदाशिव नमस्ते नमस्ते नमस्ते।

ॐ जिनका वाचक है, सम्पूर्ण तत्त्व जिनके स्वरूप है, जो सम्पूर्ण तत्त्वों में विचरण करने वाले, समस्त लोगों के एकमात्र कर्ता और सम्पूर्ण विश्व के एकमात्र भरण-पोषण करने वाले हैं, जो अखिल विश्व के एक ही संहारकारी, सब लोगों के एकमात्र गुरु, समस्त संसार के एक ही साक्षी, सम्पूर्ण वेदों के गूढ़ तत्त्व, सबको वर देने वाले, समस्त पापों और पीड़ाओं का नाश करने वाले, सारे संसार को अभय देने वाले, सब लोगों को एकमात्र कल्याणकारी, चन्द्रमा का मुकुट धारण करने वाले, अपने सनातन-प्रकाश से प्रकाशित होने वाले, निर्गुण, उपमारहित, निराकार, निराभास, निरामय, निष्प्रपञ्च, निष्कलंक, निर्द्वन्द, निस्संग, निर्मल, गति-शून्य, नित्यरूप, नित्य वैभव से सम्पन्न, अनुपम ऐश्वर्य से सुशोभित, आधार शून्य, नित्य-शुद्ध-बुद्ध, परिपूर्ण, सच्चिदानन्दघन, अद्वितीय तथा परम शांत, प्रकाशमय, तेजःस्वरूप हैं, उन भगवान सदाशिव को नमस्कार है। हे महारुद्र, महारौद्र, भद्रावतार, दुःख-दावाग्नि-विदारण, महाभैरव, कालभैरव, कलपान्त भैरव, कपालमालाधारी! हे खटवांग, खंग, ढाल, फन्दा अंकुश, डमरू, त्रिशूल, धनुष, बाण, गदा, शक्ति, भिन्दिपाल, तोमर,

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मूसल, मुग्दर, पट्टिश, परशु, परिघ, भुशुण्डी, शतघ्नी और चक्र आदि आयुधों के द्वारा भयंकर हाथों वाले! हजार मुख और दष्ट्रा से कराल, विकट अट्हास से विशाल ब्रह्माण्ड-मण्डल का विस्तार करने वाले, नागेन्द्र वासुकि को कुण्डल, हार, कंकण तथा ढाल के रूप में धारण करने वाले, मृत्युञ्जय, त्रिनेत्र, त्रिपुरनाशक, भयंकर नेत्रों वाले, विश्वेश्वर, विश्वरूप में प्रकट, बैल पर सवारी करने वाले, विष को गले में भूषण रूप में धारण करने वाले तथा सब ओर मुख वाले शंकर! आपकी जय हो, जय हो! आप मेरी सब ओर से रक्षा कीजिए। प्रज्वलित होइये, प्रज्वलित होइये।

मेरे महामृत्यु-भय का तथा अपमृत्यु के भय का नाश कीजिये, नाश कीजिये। (बाहर और भीतरी) रोग-भय को जड़ से मिटा दीजिये, जड़ से मिटा दीजिये। विष और सर्प के भय को शान्त कीजिये, शान्त कीजिये। चोर भय को मार डालिये, मार डालिये। मेरे (काम-क्रोध-लोभादि भीतरी तथा इन्द्रियों के और शरीर के द्वारा होने वाले पाप कर्मरूपी बाहरी) शत्रुओं का उच्चाटन कीजिये, उच्चाटन कीजिये; त्रिशूल के द्वारा विदारण कीजिये, विदारण कीजिये; कुठार के द्वारा काट डालिये, काट डालिये; खंग के द्वारा छेद डालिए, छेद डालिए, खटवांग के द्वारा नाश कीजिये; मूसल के द्वारा पीस डालिये, पीस डालिये और बाणों के द्वारा बींध डालिये। (आप मेरी हिंसा करने वाले) राक्षसों को भय दिखाइये, भय दिखाइये। भूतों को भगा दीजिये, भगा दीजिये।

कूष्माण्ड, वेताल, मारियों और ब्रह्म-राक्षसों को संत्रस्त कीजिए, संत्रस्त कीजिए। मुझको अभय दीजिए, अभय दीजिए। मुझ अत्यन्त डरे हुए को आश्वासन दीजिए, आश्वासन दीजिए। नरक-भय से मेरा उद्धार कीजिए, उद्धार कीजिए। मुझे जीवन-दान दीजिए, जीवन दान दीजिए, क्षुधा तृष्णा का निवारण करके मुझको आप्यायित कीजिए, आप्यायित कीजिए। आपकी जय हो, जय हो। मुझ दुःखातुर को आनन्दित कीजिए, आनन्दित कीजिए। शिव कवच से मुझे आच्छादित कीजिए, आच्छादित कीजिए। त्र्यम्बक सदाशिव् आपको नमस्कार है, नमस्कार है, नमस्कार है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ऋषभ उवाच

इत्येतत्कवचं शैवं वरदं व्याहृतं मया।
सर्वबाधाप्रशमनं रहस्यं सर्वदेहिनाम्।।२८।।

ऋषभ जी कहते हैं- इस प्रकार यह वरदायक शिव कवच मैंने कहा है। यह सम्पूर्ण बाधाओं को शान्त करने वाला तथा समस्त देहधारियों के लिए गोपनीय रहस्य है।।२८।।

यः सदा धारयेन्मर्त्यः शैवः कवचमुत्तमम्।
न तस्य जायते क्वापि भयं शंभोरनुग्रहात्।।२९।।

जो मनुष्य इस उत्तम कवच को सदा धारण करता है, उसे भगवान शिव के अनुग्रह से कभी और कहीं भी भय नहीं होता।।२९।।

क्षीणार्युमृत्युमापत्रौ महारोगहतोऽपि वा।
सद्यः सुखमवाप्नोति दीर्घमायुश्च विन्दति।।३०।।

जिसके आयु क्षीण हो चली है, जो मरणासन्न हो गया है अथवा जिसे महान रोगों ने मृतक सा कर दिया है, वह भी इस कवच के प्रभाव से तत्काल सुखी हो जाता है और दीर्घायु प्राप्त कर लेता है।।३०।।

सर्वदारिद्र्यशमनं सौमङ्गल्यविवर्धनम्।
यो धत्ते कवचं शैवं स देवैरपि पूज्यते।।३१।।

शिव कवच समस्त दरिद्रता का शमन करने वाला और सौमंगल्य को बढ़ाने वाला है, जो इसे धारण करता है, वह देवताओं से भी पूजित होता है।।३१।।

महापातकसंघातैर्मुच्युते चोपपातकैः।
देहान्ते शिवमाप्नोति शिववर्मानुभावतः।।३२।।

इस शिव कवच के प्रभाव से मनुष्य महापातकों के समूहों और उपपातकों से भी छुटकारा पा जाता है तथा शरीर का अन्त होने पर शिव को पा लेता है।।३२।।

त्वमपि श्रद्धया वत्स शैवं कवचमुत्त्मम्।
धारयस्व मया दत्तं सद्यः श्रेयो ह्यवात्स्यसि।।३३।।

वत्स! तुम भी मेरे दिए हुए इस उत्तम शिव कवच को श्रद्धापूर्वक धारण करो, इससे तुम शीघ्र और निश्चय ही कल्याण के भागी होओगे।।३३।।

इति अमोघ शिव कवचं सम्पूर्णम्

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

आरती

ॐ जय शिव ॐकारा हर शिव ॐकारा।
ब्रह्मा विष्णु सदाशिव, भोले भाले नाथ महादेव अर्द्धंगी धारा।
ॐ हर हर महादेव॥१॥
एकानन चतुरानन पंचानन राजै, भोले पंचानन राजै।
हंसासन गरुडासन, हंसासन गरुडासन वृषवाहन साजै॥
ॐ हर हर हर महादेव॥२॥
दो भुज चारु चतुर्भुज दश भुज तुम सौहे, शिव दशमुख तुम सोहै।
तीनों रूप निरखते, शंकर रूप निरखंते, त्रिभुवन जन मोहे।
ॐ हर हर हर महादेव॥३॥
अक्षमाला वनमाला रुण्डमाला धारी, शिव रुण्डमाला धारी।
चन्दन मृगमद लेपन, चन्दन मृगमद लेपन भाले शशिधारी॥
ॐ हर हर हर महादेव॥४॥
श्वेताम्बर पीताम्बर बाघाम्बर अंगे, शिव बाघाम्बर अंगे।
सनकादिक ब्रह्मादिक, सनकादिक गरुणादिक भूतादिक संगे॥
ॐ हर हर हर महादेव॥५॥
करमध्ये च कमण्डल चक्र त्रिशूल धरता शिव चक्र त्रिशूल धरता।
जगकर्त्ता जग भर्ता, जगकर्त्ता जगभर्ता, जगपालन कर्ता॥
ॐ हर हर हर महादेव॥६॥
ब्रह्मा विष्णु सदाशिव जानत अविवेका शिव जानत अविवेका।
प्रणवाक्षर के मध्ये ॐ अक्षर के मध्ये तुम तीनों एका॥
ॐ हर हर हर महादेव॥७॥
काशी में विश्वनाथ विराजै नन्दी ब्रह्मचारी शिवनन्दी ब्रह्मचारी।
नित उठ भोग लगावत सबदिन दर्शन पावै महिमा अतिभारी॥
ॐ हर हर हर महादेव॥८॥
शिवजी के हाथों में कंकण कानों में कुण्डल गल सर्पों की माला।
जटा में गंगा विराजे मस्तक में चन्द्र विराजे ओढ़त मृगछाला॥
ॐ हर हर हर महादेव॥९॥
त्रिगुण स्वामी जी की आरती जो कोई नर गावै शिव जो कोई सुन पावै
कहत शिवानन्द स्वामी रटत हराहर स्वामी मनवांछित फल पावे।
ॐ हर हर हर महादेव॥१०॥

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री नारायण कवचम्

न्यास

सर्वप्रथम श्री गणेश जी तथा भगवान नारायण को नमस्कार करके नीचे लिखे प्रकार से न्यास करें-

अगन्यासः

ॐ ॐ नमः- पादयोः।

दाहिने हाथ की तर्जन-अंगुष्ठ- इन दोनों को मिलाकर दोनों पैरों का स्पर्श करें।

ॐ नं नमः-जानुनोः।

दाहिने हाथ की तर्जनी-अंगुष्ठ-इन दोनों को मिलाकर दोनों घुटनों का स्पर्श करें।

ॐ मों नमः-ऊर्वोः।

दाहिने हाथ की तर्जनी-अंगुष्ठ-इन दोनों को मिलाकर दोनों पैरों की जांघ को स्पर्श करें।

ॐ नां नमः- उदरे।

दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुष्ठ-इन दोनों को मिलाकर पेट का स्पर्श करे।

ॐ रां नमः-हृदि।

मध्यमा-अनामिका-तर्जनी से हृदय का स्पर्श करे।

ॐ यं नमः-उरसि।

मध्यमा-अनामिका-तर्जनी से छाती का स्पर्श करे।

ॐ णां नमः-मुखे।

तर्जनी-अंगूठे के संयोग से मुख का स्पर्श करे।

ॐ यं नमः-शिरसि।

तर्जनी-मध्यमा के संयोग से सिर का स्पर्श करे।

करन्यासः

ॐ ॐ नमः- दक्षितर्जन्याम्।

दाहिने अंगूठे से दाहिनी तर्जनी के सिरे का स्पर्श करे।

ॐ नं नमः--दक्षिणमध्यमायाम्।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

दाहिने अंगूठे से दाहिने हाथ की मध्यमा अंगुली का ऊपर वाला पोर स्पर्श करे।

ॐ मों नमः-दक्षिणानामिकायाम्।

दाहिने अंगूठे से दाहिने हाथ की अनामिका का ऊपर वाला पोर स्पर्श करे।

ॐ भं नमः-दक्षिणकनिष्ठिकायाम्।

दाहिने अंगूठे से दाहिने हाथ की कनिष्ठिका का ऊपर वाला पोर स्पर्श करे।

ॐ गं नमः-वामकनिष्ठिकायाम्।

बाएं अंगूठे से बाएं हाथ की कनिष्ठिका का ऊपर वाला पोर स्पर्ष करे।

ॐ वं नमः-वामानामिकायाम्।

बाएं अंगूठे से बायें हाथ की अनामिका का ऊपर वाला पोर स्पर्श करे।

ॐ ते नमः-वाममध्यमायाम्।

बाएं अंगूठे से बाएं हाथ की मध्यमा का ऊपर वाला पोर स्पर्श करें।

ॐ वां नमः- वामतर्जन्याम्

बाएं अंगूठे से बाएं हाथ की तर्जनी का ऊपर वाला पोर स्पर्श करें।

ॐ सु नमः-दक्षिणांगुष्ठोर्ध्वपर्वणि।

दाहिने हाथ की चारों अंगुलियों से दाहिने हाथ के अंगूठे का नीचे वाला पोर छुए।

ॐ वां नमः-वामांगुष्ठोर्ध्वपर्वणि।

बाएं हाथ की चारों अंगुलियों से बाएं अंगूठे के ऊपर वाला पोर छुए।

ॐ यं: नमः-वामांगुष्ठायः पर्वणि।

बाएं हाथ की चारों अंगुलियों से बाएं हाथ के अंगूठे का नीचे वाला पोर छुए।

विष्णुषडक्षरन्यासः

ॐ ॐ नमः-हृदये।

तर्जनी-मध्यमा एवं अनामिका से हृदय का स्पर्श करे।

ॐ विं नमः-मूर्धनि।

तर्जनी-मध्यम के संयोग से सिर का स्पर्श करे।

ॐ षं नमः-भ्रुवोर्मध्ये।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तर्जनी-मध्यमा से दोनों भौहों का स्पर्श करे।

ॐ णं नमः-शिखायाम्।

अंगूठे से शिखा का स्पर्श करे।

ॐ वें नमः-नेत्रयोः।

तर्जनी-मध्यमा से दोनों नेत्रों का स्पर्श करे।

ॐ नं नमः-सर्वसंधिषु।

तर्जन मध्यमा और अनामिका से शरीर के सभी जोड़ों-जैसे कंधा, कोहनी, घुटना आदि का स्पर्श करे।

ॐ मः अस्त्राय फट्-प्राच्याम्।

पूर्व की ओर चुटकी बजाए।

ॐ मः अस्त्राय फट्-आग्नेय्याम्।

अग्निकोण में चुटकी बजाए।

ॐ मः अस्त्राय फट्-दक्षिणस्याम्।

दक्षिण की ओर चुटकी बजाए।

ॐ मः अस्त्राय फट्-नैर्ऋत्ये।

नैर्ऋत्यकोण में चुटकी बजाए।

ॐ मः अस्त्राय फट्-प्रतीच्याम्।

पश्चिम की ओर चुटकी बजाए।

ॐ मः अस्त्राय फट्-वायव्ये।

वायुकोण में चुटकी बजाए।

ॐ मः अस्त्राय फट्-उदीच्याम्।

उत्तर की ओर चुटकी बजाए।

ॐ मः अस्त्राय फट्-ऐशान्याम्।

ईशानकोण में चुटकी बजाए।

ॐ मः अस्त्राय फट्-ऊर्ध्वायाम्।

ऊपर की ओर चुटकी बजाए।

ॐ मः अस्त्राय फट्-अधरायाम्।

नीचे की ओर चुटकी बजाएं।

●●●

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्रीहरिः

श्री नारायण कवचम्

राजोवाच

यया गुप्तः सहस्त्राक्षः सवाहान् रिपुसैनिकान्।
क्रीडन्निव विनिर्जित्य त्रिलोक्या बुभुजे श्रयम्॥१॥
भगवंस्तन्ममाख्याहि धर्म नारायणात्मकम्।
यथाऽऽततायिनः शत्रून येन गुप्तोऽजयन्मृधे॥२॥

राजा परीक्षित ने पूछा- हे भगवान! देवराज इन्द्र ने जिससे सुरक्षित होकर शत्रुओं की चतुरगिनी सेना को खेल-खेल में अनायास ही जीत कर त्रिलोकी की राजलक्ष्मी का उपभोग किया, आप उस नारायण कवच को मुझे सुनाइये और यह भी बतलाइये कि उन्होंने उससे सुरक्षित होकर रणभूमि में किस प्रकार आक्रमणकारी शत्रुओं पर विजय प्राप्त की।१-२।

वृतः पुरोहितस्त्वाष्ट्रो महेन्द्रायानुपृच्छते।
नारायणाख्यं वर्माह तदिहैकमनाः शृणु।३।

श्री शुकदेव जी ने कहा- परीक्षित्! जब देवताओं ने विश्वरूप को पुरोहित बना लिया, तब देवराज इन्द्र के प्रश्न करने पर विश्वरूप ने उन्हें नारायण कवच का उपदेश किया। तुम एकाग्रचित से उसका श्रवण करो ।३।

विश्वरूप उवाच

धौताङ्घ्रिपाणिराचम्य सपवित्र उदङ्मुखः।
कृतस्वांगकरन्यासो मन्त्राभ्यां वाग्यतः शुचिः॥४॥
नारायणमयं वर्म संनह्येद् भय आगते।
पादयोर्जानुनोरूर्वोदरे हृद्यथोरसि॥५॥
मुखे शिरस्यानुपूर्व्यादोंकारादीनि विन्यसेत्।
ॐ नमो नारायणायेति विपर्ययमथापि वा॥६॥

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

विश्वरूप ने कहा-देवराज इन्द्र! भय का अवसर उपस्थित होने पर नारायण कवच धारण करके अपने शरीर की रक्षा कर लेनी चाहिए। उसकी विधि यह है कि पहले हाथ पैर धोकर आचमन करे, फिर हाथ में कुश की पवित्री धारण कर उत्तर को मुंह करके बैठ जाय। इसके बाद कवच धारण पर्यन्त और कुछ न बोलने का निश्चय करके पवित्रता से-'ॐ नमो नारायणाय' और-'ॐ नमो भगवतमे वासुदेवाय'-इन मन्त्रों के द्वारा हृदयादि अगन्यास तथा अंगुष्ठादि कर न्यास करे। पहले 'ॐ नमो नारायणाय' इस अष्टाक्षर मंत्र के ॐ आदि आठ अक्षरों का क्रमशः पैरों, घुटनां, जांघों, पेट, हृदय, वक्ष-स्थल, मुख और सिर में न्यास करे। अथवा पूर्वोक्त मंत्र के यकार से लेकर ॐ कार्र पर्यन्त आठ अक्षरों का सिर से आरम्भ करके उन्हीं आठ अंगों में विपरीत क्रम से न्याय करे।४-६।

करन्यासं तत कुर्याद् द्वादशाक्षरविद्यया।
प्रणवादियकारान्तमंगुल्यंगुष्ठपर्वसु ।।७।।

तदनन्तर 'ॐ नमे भगवते वासुदेवाय'-इस द्वादशाक्षर मंत्र के ॐ आदि बारह अक्षरों का दायीं तर्जनी से बायीं तर्जनी तक दोनों हाथ की आठ अंगुलियों और दोनों अंगूठों की दो-दो गांठों में न्यास करे।७।

न्यसेद्हृदय ओंकारं विकारमनु मूर्धनि।
षकारं तु भ्रुवोर्मध्ये ण्कारं शिखया दिशेत्।।८।।
वेकारं नेत्रयार्युञ्जयान्नकारं सर्वसंधिषु।
मकारमस्त्रमुद्दिश्य मन्त्रमूर्तिर्भयेद् बुधः।।९।।
सविसर्गं फडन्तं तत् सर्वदिक्षु विनिर्दिशेत्।
ॐ विष्णवे नम इति।।१०।।

फिर 'ॐ विष्णवे नमः' इस मंत्र के पहले अक्षर 'ॐ' का हृदय में, 'वि' का ब्रह्मरन्ध्र में, 'ष' का भौंहों के बीच मे, 'ण' का चोटी में, 'वे' का दोनों नेत्रों में और 'न' का शरीर की सब गांठों में न्यास करे। तदनन्तर 'ॐ मः अस्त्राय फट्' कहकर दिग्बन्ध करे। इस प्रकार न्यास करने से इस विधि को जानने वाला पुरुष मन्त्र स्वरूप हो जाता है।८-१०।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

आत्मानं परमं ध्यायेद् ध्येयं षट्शक्तिभिर्युतम्।
विद्यातेजस्तपोमूर्तिमिमं मन्त्रमुदाहरेत्॥११॥

इसके बाद समग्र ऐश्वर्य, धर्म, यश, लक्ष्मी, ज्ञान और वैराग्य से परिपूर्ण इष्टदेव भगवान का ध्यान करे और अपने को भी तद्रूप ही चिन्तन करे। तत्पश्चात् विद्या, तेज और तपःस्वरूप इस कवच का पाठ करे।११।

ॐ हरिर्विदध्यान्मम सर्वरक्षां न्यस्ताङ्घ्रिपद्मः पतगेन्द्रपृष्ठे।
दरारिचर्मासिगदेषुचाप-पाशान् दधानोऽष्टगुणोऽष्टबाहुः।१२।

भगवान् श्रीहरि गरुड़ जी की पीठ पर अपने चरण-कमल रखे हुए हैं। अणिमादि आठों सिद्धियां उनकी सेवा कर रही हैं। आठ हाथों में शंख, चक्र, ढाल, तलवार, गदा, बाण, धनुष और पाश (फंदा) धारण किये हुए हैं। वे ही ॐकार स्वरूप प्रभु सब प्रकार से सब ओर से मेरी रक्षा करें।१२।

जलेषु मां रक्षतु मत्स्यमूर्तिर्या-दोर्गणेभ्यो वरुणस्य पाशात्।
स्थलेषु मायावटुवामनोऽव्यात् त्रिविक्रमः खेऽवतु विश्वरूपः॥१३॥

मत्स्यमूर्ति भगवान जल के भीतर जल-जन्तुओं से और वरुण के पाश से मेरी रक्षा करें। माया से ब्रह्मचारी का रूप धारण करने वाले वामन भगवान स्थल पर और विश्वरूप श्री त्रिविक्रम भगवान आकाश में मेरी रक्षा करें।१३।

दुर्गेष्वटव्याजिमुखादिषु प्रभुः पायान्नृसिंहोऽसुरयूथपारिः।
विमुञ्चतो यस्य महाट्टहासं दिशो विनेदुर्न्यपतंश्च गर्भाः॥१४॥

जिनके घोर अट्टहास करने पर सब दिशाएं गूंज उठी थीं और गर्भवती दैत्य-पत्नियों के गर्भ गिर गए थे, वे दैत्ययूथ पतियों के शत्रु भगवान नृसिंह किले, जंगल, रणभूमि विकट स्थानों में मेरी रक्षा करें।१४।

रक्षत्वसौ माध्वनि यज्ञकल्पः स्वदंष्ट्रयोन्नीतधरो वराहः।
रामोऽद्रिकूटेषवथ विप्रवासे सलक्ष्मणोऽव्याद् भरताग्रजोऽस्मान्॥१५॥

अपनी दाढ़ों पर पृथ्वी को उठा लेने वाले यज्ञमूर्ति वराह भगवान मार्ग में, परशुराम जी पर्वतों के शिखरों पर और लक्ष्मण जी के सहित

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

भरत के बड़े भाई भगवान रामचन्द्र प्रवाह के समय मेरी रक्षा करें।१५।

मामुग्रधर्मादखिलात् प्रमादा-न्नारायणः पातु नरश्च हासात्।
दत्तस्त्वयोगादथ योगनाथः पायाद् गुणेशः कपिलः कर्मबन्धात्।।१६।।

भगवान नारायण मारण-मोहन आदि भयंकर अभिचारों और सब प्रकार के प्रमादों से मेरी रक्षा करें। ऋषि श्रेष्ठ नर गर्व से, योगेश्वर भगवान दत्तात्रेय योग के विघ्नों से और त्रिगुणाधिपति भगवान कपिल कर्म-बन्धनों से मेरी रक्षा करें।१६।

सनत्कुमारोऽवतु कामदेवा-द्धयशीर्षा मां पथि देवहेलनात्।
देवर्षिवर्यः पुरुषार्चनान्तरात् कूर्मो हरिर्मां निरयादशेषात्।।१७।।

परमर्षि सनत्कुमार से, हयग्रीव भगवान मार्ग में चलते समय देव-मूर्तियों को नमस्कार आदि न करने के अपराध से, देवर्षि नारद सेवापराधों से और भगवान कच्छप सब प्रकार के नरकों से मेरी रक्षा करें।१७।

धन्वन्तरिर्भगवान् पात्वपथ्याद् द्वन्द्वाद् भयादृषभो निर्जितात्मा।
यज्ञश्च लोकादेवताज्ञानान्ताद् बलो गणात् क्रोधवशादहीन्द्रः।।१८।।

भगवान धनवन्तरि कुपथ्य से, जितेन्द्रिय भगवान ऋषभदेव सुख-दुख आदि भयानक द्वन्दों से, यज्ञ भगवान लोकापवाद से, बलरामजी मनुष्यकृत कष्टों से और शेषजी के क्रोधवशनामक सर्पों के गण से मेरी रक्षा करें।१८।

द्वैपायनो भगवानप्रबोधाद् बुद्धस्तु पाखण्डगणात् प्रमादात्।
कल्किः कलेः कालमलात् प्रपातु धर्मावनायोरुकृतावतारः।।१९।।

भगवान श्रीकृष्ण द्वैपायन व्यास जी अज्ञान से तथा बुद्धदेव पाखण्डियों से और प्रमाद से मेरी रक्षा करें। धर्म-रक्षा के लिए महान अवतार धारण करने वाले भगवान कल्कि पाप बहुल कलिकाल के दोषों से मेरी रक्षा करें।१९।

मां केशवो गदया प्रातरव्याद् गोविन्द आसङ्गवमात्तवेणुः।
नारायणः प्राण्ह उदात्तशक्ति-र्मध्यंदिने विष्णुररीन्द्रपाणिः।।२०।।

प्रातः काल भगवान केशव अपनी गदा लेकर, कुछ दिन चढ़ जाने पर भगवान गोविन्द अपनी बांसुरी लेकर, दोपहर के पहले भगवान

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

नारायण अपनी तीक्ष्ण शक्ति लेकर और दोपहर को भगवान विष्णु चक्रराज सुदर्शन लेकर मेरी रक्षा करें।२०।

देवोऽपराह्णे मधुहोग्रधन्वा सायं त्रिधामावतु माधवो माम्।
दोषी हृषीकेश उतार्धरात्रे निशीथ एकोऽवतु पद्मनाभः॥२१॥

तीसरे पहर में भगवान मधुसूदन अपना प्रचण्ड धनुष लेकर मेरी रक्षा करें। सायंकाल में ब्रह्मा आदि त्रिमूर्तिधारी माधव, सूर्यास्त के बाद हृषीकेश, अर्द्धरात्रि के पूर्व तथा अर्द्धरात्रि के समय अकेले भगवान पद्मनाभ मेरी रक्षा करें।२१।

श्रीवत्सधामापररात्र ईशः। प्रत्यूष ईशोऽसिधरो जनार्दनः।
दामोदरोऽव्यादनुसंध्यं प्रभाते विश्वेश्वरो भगवान् कालमूर्तिः॥२२॥

रात्रि के पिछले पहर में श्रीवत्सलाञ्छन श्रीहरि, उषाकाल में खड्गधारी भगवान जनार्दन, सूर्योदय से पूर्व श्री दामोदर और सम्पूर्ण सन्ध्याओं में कालमूर्ति भगवान विश्वेश्वर मेरी रक्षा करें।२२।

चक्रं युगान्तानलतिग्मनेमि भ्रमत् समन्ताद् भगवत्प्रयुक्तम्।
दंदग्धि दंदग्ध्यरिसैन्यमाशु कक्षं यथा वातसखो हुताशः॥२३॥

सुदर्शन! आपका आकार चक्र (रथ के पहिये) की तरह है। आपके किनारे का भाग प्रलय कालीन अग्नि के समान अत्यन्त तीव्र है। आप भगवान की प्रेरणा से सब ओर घूमते रहते हैं। जैसे आग वायु की सहायता से सूखे घास-फूस को जला डालती है, वैसे ही आप हमारी शत्रु सेना को शीघ्र से शीघ्र जला दीजिये, जला दीजिये।२३।

गदेऽशनिस्पर्शनविस्फुलिंगे निष्पिण्ढि निष्पिण्ढ्यजितप्रियासि।
कूष्माण्डवैनायकयक्षरक्षो-भूतग्रहांश्चूर्णय चूर्णयारीन्॥२४॥

कौमोदकी गदा! आपसे छूटने वाली चिंगारियों का स्पर्श वज्र के समान असह्य है। आप भगवान अजित की प्रिया हैं और मैं उनका सेवक हूं। इसलिए आप कूष्माण्ड, विनायक, यक्ष, राक्षस, भूत और प्रेतादि ग्रहों को अभी कुचल डालिए, कुचल डालिए तथा मेरे शत्रुओं को चूर-चूर कर दीजिये।२४।

त्वं यातुधानप्रमथप्रेतमातृ- पिशाचविप्रग्रहवोरदृष्टीन्।
दरेन्द्र विद्रावय कृष्णपूरितो भीमस्वनोऽरेर्हृदयानि कम्पयन्॥२५॥

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शंख श्रेष्ठ! आप भगवान श्रीकृष्ण के फूंकने से भयंकर शब्द करके मेरे शत्रुओं का दिल दहला दीजिए एवं यातुधान, प्रमथ, प्रेत, मातृका, पिशाच तथा ब्रह्मराक्षस आदि भयावने प्राणियों को यहां से झटपट भगा दीजिए।२५।

त्वं तिग्मधारासिवरारिसैन्य-मीशप्रयुक्तो मम छिन्धि-छिन्धि
चक्षूँषि चर्मञ्छतचन्द्र छादय द्विषामघोनां हर पापचक्षुषाम्।।२६।।

भगवान की श्रेष्ठ तलवार! आपकी धार बहुत तीक्ष्ण है। आप भगवान की प्रेरणा से मेरे शत्रुओं को छिन्न-छिन्न कर दीजिए। भगवान की प्यारी ढाल! आपमें सैकड़ों चन्द्राकार मण्डल हैं। आप पापदृष्टि पापात्मा शत्रुओं की आंखें बंद कर दीजिए और उन्हें सदा के लिए अन्धा बना दीजिए।२६।

यन्नो भयं ग्रहेभ्योऽभूत् केतुभ्यो नृभ्य एव च।
सरीसृपेभ्यो दंष्ट्रिभ्यो भूतेभ्योऽहोभ्य एव वा।।२७।।
सर्वाण्येतानि भगवान्नामरूपास्त्रकीर्तनात्।
प्रयान्तु संक्षयं सद्यो ये नः श्रेयः प्रतीपकाः।।२८।।

सूर्य आदि ग्रह, धूमकेतु (पुच्छल तारे) आदि केतु, दुष्ट मनुष्य, सर्पादि रेंगने वाले जन्तु दाढ़ों वाले हिंसक पशु, भूतप्रेत आदि तथा पापी प्राणियों से हमें जो-जो भय हो और जो-जो हमारे मङ्गल के विरोधी हों-वे सभी भगवान के नाम, रूप तथा आयुधों का कीर्तन करने से तत्काल नष्ट हो जाए।२७-२८।

गरुडो भगवान् स्तोत्रस्तोभश्छन्दोमयः प्रभुः।
रक्षत्वशेषकृच्छ्रेभ्यो विषवक्सेनः स्वनामभिः।।२९।।

बाहद, रथन्तर आदि सामवेदीय स्तोत्रों से जिनकी स्तुति की जाती है, वे वेदमूर्ति भगवान गरूड़ और विषवक्सेन जी अपने नामोच्चारण के प्रभाव से हमें सब प्रकार की विपत्तियों से बचाए।२९।

सर्वापद्भ्यो हरेर्नामरूपयानायुधानि नः।
बुद्धीन्द्रियमनःप्राणान् पान्तु पार्षदभूषणाः।।३०।।

श्रीहरि के नाम, रूप, वाहन, आयुध और श्रेष्ठ पार्षद हमारी बुद्धि, इन्द्रिय, मन और प्राणों को सब प्रकार की आपत्तियों से बचाए।३०।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

यथा हि भगवानेव वस्तुतः सदसच्च यत्।
सत्येनानेन नः सर्वे यान्तु नाशमुपद्रवाः।।३१।।

जितना भी कार्य अथवा कारण रूप जगत है, वह वास्तव में भगवान ही है-इस सत्य के प्रभाव से हमारे सारे उपद्रव नष्ट हो जाएं।३१।

यथैकात्म्यानुभावानां विकल्परहितः स्वयम्।
भूषणायुधलिंगाख्या धत्ते शक्तिः स्वमायमा।।३२।।
तेनैव सत्यमानेन सर्वज्ञो भगवान् हरिः।
पातु सर्वैः स्वरूपैर्नः सदा सर्वत्र सर्वगः।।३३।।

जो लोग ब्रह्म और आत्मा की एकता का अनुभव कर चुके हैं, उनकी दृष्टि में भगवान का स्वरूप समस्त विकल्पों-भेदों से रहित है, फिर भी वे अपनी माया-शक्ति के द्वारा भूषण, आयुध और रूप नामक शक्तियों को धारण करते हैं। यह बात निश्चित रूप से सत्य है। इस कारण सर्वज्ञ, सर्वव्यापक भगवान श्री हरि सदा-सर्वत्र सब स्वरूपों से हमारी रक्षा करें।३२-३३।

विदिक्षु दिक्षूर्ध्वमधः समन्तादन्त-बहिर्भगवान् नरसिंहः।
प्रहापयंल्लोकभयं स्वनेन स्वतेजसा ग्रस्तसमस्ततेजाः।।३४।।

जो अपने भयंकर अट्टहास से सब लोगों के भय को भगा देते हैं और अपने तेज से सबका तेज ग्रस लेते हैं, वे भगवान नृसिंह दिशा-विदिशा में, नीचे-ऊपर, बाहर-भीतर सब ओर हमारी रक्षा करें।३४।

मघवन्निदमाख्यातं वर्म नारायणात्मकम्।
विजेष्यस्यञ्जसा येन दंशितोऽसूरयूथपान्।।३५।।

देवराज इन्द्र! मैंने तुम्हें यह नारायण कवच सुना दिया। इस कवच से तुम अपने को सुरक्षित कर लो। बस, फिर तुम अनायास ही सब देत्य-यूथपतियों को जीत लोगे।३५।

एतद् धारयमाणस्तु यं यं पश्चति चक्षुषा।
पदा वा संस्पृशेत् सद्यः साध्वसात् व विमुच्यते।।३६।।

इस नारायण कवच को धारण करने वाला पुरुष जिसको भी अपने नेत्रों से देख लेता अथवा पैर से छू देता है, वह तत्काल समस्त भयों से मुक्त हो जाता है।३६।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

न कुतश्चिद् भयं तस्य विद्यां धारयतो भवेत्।
राजदस्युग्रहादिभ्यो व्याघ्रा-दिभ्यश्च कर्हिचित्॥३७॥

जो इस वैष्णवी विद्या को धारण कर लेता है, उसे राजा, डाकू, प्रेत, पिशाचादि और बाघ आदि हिंसक जीवों से कभी किसी प्रकार का भय नहीं होता।३७।

इमां विद्यां पुरा कश्चित् कौशिको धारयन् द्विजः।
योगधारणया स्वांग जहौ स मरुधन्वनि॥३८॥

देवराज! प्राचीन काल की बात है, एक कौशिक गोत्री ब्राह्मण ने इस विद्या को धारण करके योगधारणा से अपना शरीर मरुभूमि में त्याग दिया।३८।

तस्योपरि विमानेन गन्धर्वपतिरेकदा।
ययौ चित्ररथः स्त्रीर्भिवृतो यत्र द्विजक्षयः॥३९॥

जहां उस ब्राह्मण का शरीर पड़ा था, उसके ऊपर से एक दिन गन्धर्वराज चित्ररथ अपनी स्त्रियों के साथ विमान पर बैठकर निकले।३९।

गगनान्यपतत् सद्यः सविमानो ह्यवाक्शिराः।
स बालखिल्यवचनादस्थीन्यादाय विस्मितः।
प्रास्य प्राचीसरस्वत्यां स्नात्वा।
धाम स्वमन्वगात्॥४०॥

वहां आते ही वे नीचे की ओर किए विमान सहित आकाश से पृथ्वी पर गिर पड़े। इस घटना से उनके आश्चर्य की सीमा न रही। जब उन्हें बालखिल्य मुनियों ने बतलाया कि यह नारायण कवच धारण करने का प्रभाव है, तब उन्होंने उस ब्राह्मण देवता की हड्डियों को ले जाकर पूर्ववाहिनी सरस्वती नदी में प्रवाहित कर दिया और फिर स्नान करके वे अपने लोक को आ गए।४०।

श्री शंक उवाच

य इदं श्रृणुयात् काले यो धारयति चादृतः।
तं नमस्यन्ति भूतानि मुच्यते सर्वतो भयात्॥४१॥

श्री शुकदेव जी कहते हैं-परीक्षित! जो पुरुष इस नारायण कवच को समय पर सुनता है और जो आदर-पूर्वक इसे धारण करता है, उसके सामने सभी प्राणी आदर से झूक जाते हैं और वह सब प्रकार के भयों से मुक्त हो जाता है।४१।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

एतां विद्यामधिगतो विश्वरूपाच्छतक्रतुः।
त्रैलोक्यलक्ष्मीं बुभुजे विनिर्जित्य मृधेऽसुरान्॥४२॥

परीक्षित! शतक्रतु इन्द्र ने आचार्य विश्वरूप जी से यह वैष्णवी विद्या प्राप्त करके रणभूमि में असुरों को जीत लिया और वे त्रैलोक्य लक्ष्मी का उपभोग करने लगे।४२।

इति श्रीनारायणकवचं सम्पूर्णम्

आरती नारायण जी की

ॐ जय जगदीश हरे, स्वामी जय जगदीश हरे।
भक्त जनों के संकट छिन में दूर करे।१।
जो ध्यावे फल पावे दुःख विनशे मन का।
सुख सम्पत्ति घर आवे कष्ट मिटे तन का।२।
मात-पिता तुम मेरे शरण गहूं मैं किसकी।
तुम बिन और न दूजा आस करूं जिसकी।३।
तुम पूरण परमात्मा तुम अंतर्यामी।
पार ब्रह्म परमेश्वर तुम सबके स्वामी।४।
तुम करूणा के सागर तुम पालन कर्ता।
मैं मूरख खलकामी कृपा करो भर्ता।५।
तुम हो एक अगोचर सबके प्राणपति।
किस विधि मिलूं गोसाई तुमको मैं कुमति।६।
दीन बन्धु दुःख हरता तुम ठाकुर मेरे।
करूणा हस्त बढ़ाओ द्वार पड़ा तेरे।७।
विषय विकार मिटाओ पाप हरो देवा।
श्रद्धा भक्ति बढ़ाओ सन्तन की सेवा।८।
तन मन धन सब कुछ है तेरा
तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा।९।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री गोपाल अक्षय कवचम्

श्री नारद उवाच

इन्द्राद्यमरवर्गेषु ब्रह्मन् यत्परमादभुतम्।
अक्षयं कवचं नाम कथयस्व मम प्रभो॥१॥

श्री नारद ने कहा- इन्द्र आदि अमर वर्ग से भी अद्भुत अक्षय नामक कवच को हे ब्रह्माजी! हे प्रभु! मुझे बताइये।

यद्धत्वाऽऽकर्ण्य वीरस्तु त्रैलोक्यविजयो भवेत्॥१॥

जो धारण मात्र से वीरता प्रदान करता है व त्रिलोक पर भी अधिकार दिला देता है।

ब्रह्मोवाच

शृणु पुत्र मुनिश्रेष्ठ कवचं परमाद्भुतम्।
इन्द्रादिदेववृन्दैश्च नारायणमुखाच्छ्रृतम्॥२॥

ब्रह्मा ने कहा- मुनियों में श्रेष्ठ हे पुत्र! परम अद्भुत कवच सुनो। इसे इन्द्र आदि देवताओं ने नारायण के मुख से सुना था।

त्रैलोक्यविजयस्यास्य कवचस्य प्रजापतिः।
ऋषिश्छन्दो देवता च सदा नारायणः प्रभु॥३॥

इस त्रैलोक्य विजय दिलाने वाले कवच के प्रजापति ऋषि है, अनुष्टप छन्द है एवं श्री नारायण प्रभु इसके देवता है।

विनियोग

ॐ अस्य श्री त्रैलोक्य विजयाक्षय कवचस्य,
प्रजापति ऋषिः। श्री नारायणः परमात्मा देवताः
धर्मार्थ काम मोक्षार्थे जपे विनियोगः॥४॥
पादौ रक्षतु गोविन्दो जङ्घे पातु जगत्प्रभु।
उरु द्वौ केशवः पातु कटी दामोदरस्ततः॥५॥

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

गोविन्द पांवों की रक्षा करें। जगत प्रभु जांघ की रक्षा करें। दोनों उरुवों की रक्षा केशव करें। कमर की रक्ष दामोदर करें।

वदनं श्री हरिः पातु नाडी देशं च मेऽच्युतः,
वामपार्श्व तथा विष्णुर्दक्षिणं च सुदर्शनः।।६।।

चेहरे की श्रीहरि रक्षा करें। नाड़ी स्थान की अच्युता रक्षा करें। बाईं तरफ की विष्णु तथा दक्षिण तरफ की सुदर्शन रक्षा करें।

बाहुमूले वासुदेवा हृदयं च जनार्दनः,
कंठं पातु वराहश्च कृष्णश्च मुखमण्डलम्।।७।।

कन्धों की रक्षा वासुदेव करें। हृदय की रक्षा जर्नादन करें। कण्ठ की रक्षा वाराह करें। मुखमण्डल की रक्षा कृष्ण करें।

कर्णौ मे माधवः पातु हृषीकेशश्च नासिके,
नेत्रे नारायणः पातु ललाटं गरुड़ध्वजः।।८।।

कानों की रक्षा माधव करें। नासिका की रक्षा हृषीकेश करें। नेत्रों की रक्षा नारायण करें। ललाट की रक्षा गरुड़ध्वज करें।

कपोलं केशवः पातु चक्रपाणिः शिरस्तथा,
प्रभाते माधवः पातु मध्यान्हे मधुसूदनः।।११।।

कपोलों की रक्षा केशव करें। शिर की रक्षा चक्रपाणि करें। प्रभात में माधव रक्षा करें। मध्यान्ह में मधुसूदन रक्षा करें।

दिनान्ते दत्यनाशश्च रात्रौ रक्षतु चन्द्रमा,
पूर्वस्यां पुण्डरीकाक्षो वायव्यां च जनार्दनः।।१०।।

दिन के अंत में दैत्यों का नाश करने वाले रक्षा करें। रात्रि में चन्द्रमा रक्षा करें। पूर्व में पुण्डरीकाक्ष रक्षा करें। वायव्य में जर्नादन रक्षा करे।

इति श्री गोपालाक्ष कवचम्

●●●

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री गोपाल जी की आरती

आरती युगल किशोर की कीजै,
राधे धन न्यौछावर कीजै।
रवि शशि कोटि बदन की शोभा,
ताहि निरखि मेरा मन लोभा।
गौर श्याम मुख निरखत रीझै,
प्रभु को रूप नयन भर पीजै।

कञ्चन थार कपूर की बाती, हरि आए निर्मल भई छाती।
फूलन की सेज फूलन की माला, रत्न सिंहासन बैठे नंदलाला।
मोर मुकुट कर मुरली सोहे, नटवर वेष देख मन मोहे।
आढ़े नील पीत पट सारी, कुञ्ज बिहारी गिरिवर धारी।
श्री पुरुषोत्तम गिरिवर धारी, आरती करत सकल ब्रजनारी।
नन्दनन्दन वषभानु किशोरी, परमानन्द स्वामी अविचल जोरी।

आरती युगल किशोर की कीजै।.....

●●●

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री गायत्री कवचम्

विनियोग

ॐ अस्य श्री गायत्री कवचस्य ब्रह्मा ऋषिगायत्री छन्दो, गायत्री देवता, ॐ भूः रें बीजम्, भुवःणिं शक्ति, स्वः यं कीलकम्, गायत्री प्रसाद सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

ॐ मैं श्री गायत्री कवच जिसके ब्रह्मा ऋषि हैं; गायत्री छन्द है; गायत्री देवता है; ॐ भूः रें बीज हैं; भुवः णिं शक्ति है; स्वः यं कीलक है; गायत्री के प्रसाद स्वरूप सिद्धि प्राप्त करने के लिए पाठ करने का विनियोग करता हूं।

ध्यानम्

पञ्चवक्त्रां दशंभुजां सूर्यकोटि समप्रभातम्।
सावित्रीं ब्रह्मवरदाँ चन्द्रकोटि सुशीतलाम्।।१।।
त्रिनेत्रां सितवक्त्रां च मुक्ताहार विराजिताम्,
वराभयांकुशकशा हेम पात्रज्ञ मालिकाः।।२।।
शंखचक्राब्ज युगलं कराभ्यां दधतीं पराम्,
सिपंकज संस्थां च हंसारूढ़ां सुखस्मिताम्।
ध्यात्वैवं मानसाम्भोजे गायत्री कवचं जपेत्।।३।।

जिसके पाँच मुख हैं, दश भुजाएँ हैं। कोटि-कोटि भास्करों की भाँति जिनकी प्रभा है। ब्रह्मा को भी जो वरदान देती हैं। वो चन्द्र की भांति शीतल हैं। उनके तीन नेत्र हैं। मुख गौर वर्णीय हैं। उन्होंने मोतियों की माला धारण की हुई है। जो अभय का वरदान देती है। इनके हाथों में अंकुश, कुशा, पात्र, अक्षयमाला, शंख, चक्र व कमल शोभित हो रहे हैं। इनका स्थान श्वेत कमल है तथा ये हंस पर आरूढ़ हुआ करती है। ऐसी गायत्री माता का जो मंद-मंद मुस्कुरा रही हैं अपने हृदय मंडल में ध्यान करते हुए गायत्री कवच का जाप करता हूँ।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ब्रह्मोवाच

विश्वामित्र महाप्राज्ञ गायत्री कवचं श्रृणु,
यस्य विज्ञानमात्रेण त्रैलोक्यं वशयेत्क्षणात्।।१।।

ब्रह्मा ने कहा-हे बुद्धिमान विश्वामित्र् आप गायत्री कवच सुनें जिसके जानने व समझने मात्र से क्षण भर में ही त्रैलोक्य का वशीकरण होता है।

सावित्री मे शिरः पातु शिखायाममृतेश्वरी,
ललाटं ब्रह्म दैवत्या भ्रुवौ मे पातु वैष्णवी।।२।।

सावित्री मेरे शिर की रक्षा करें। शिखा की अमृतेश्वरी रक्षा करें। ललाट की रक्षा ब्राह्मी करें, भृकुटियों की रक्षा वैष्णवी करें।

कर्णो मे पातु रूद्राणी सूर्या सावित्रिकाऽम्बके,
गायत्री वदनं पातु शारदा दशनच्छदौ।।३।।

कानों की रक्षा रूद्राणी करें, नेत्रों की रक्षा सूर्येश्वरी करें। मुख की रक्षा गायत्री करें। होठों की रक्षा शारदा करें।

द्विजान्यज्ञप्रिया पातु रसनायां सरस्वती,
सांख्यायनी नासिकां मे कपोलौ चंद्रहासिनी।।४।।

दाँतो की रक्षा यज्ञप्रिया करें। रसना की रक्षा सरस्वती करें। नासिका की रक्षा सॉख्यायनी करें। कपोलों की रक्षा चन्द्रहासिनी करे।

चिबुकं वेदगर्भा च कण्ठं पात्वघनाशिनी,
स्तनौ मे पातु इन्द्राणी हृदयं ब्रह्मवादिनी।।५।।

वेदगर्भा ठोड़ी की रक्षा करें। कण्ठ की रक्षा उघनाशिनी करें। स्तनों की रक्षा इन्द्राणी करें। हृदय की रक्षा ब्रह्मवादिनी करें।

उदरं विश्वभोक्त्री च नाभौ पातु सुरप्रिया,
जघनं नारसिंही च पृष्ठं ब्रह्माण्डधारिणी।।६।।

उदर की रक्षा विश्व भोक्त्री करें। नाभि की रक्षा सुरप्रिया करें। जांघों की रक्षा नारसिंही करें। पीठ की रक्षा ब्रह्माण्ड धारिणी करें।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पार्श्वो मे पातु पद्माक्षी गुह्यं गोगोप्त्रिकाऽवतु,
ऊर्वोरो काररूपा च जान्वोः संध्यात्मिकाऽवतु॥७॥

पार्श्व की रक्षा पद्माक्षी करें। गुप्त अंग की रक्षा गोगोप्त्रिका करें। ऊरू की रक्षा ॐकारा करें, जाह्नवों की रक्षा सन्ध्या करें।

जंघयोः पातु अक्षोभ्या गुल्फयोर्ब्रह्म शीर्षका,
सूर्या पद द्वयं पातु चन्दा पादांगुलीषु च॥८॥

जाँघों की रक्षा अक्षोभ्या करें। गुल्फों की रक्षा ब्रह्म शीर्षा करें। दोनों पाँवों की रक्षा सूर्या करें। पांवों की अंगुलियों की रक्षा चन्द्रा करें।

सर्वाङ्गं वेद जननी पातु मे सर्वदाऽनघा॥९॥

सम्पूर्ण अंगों की रक्षा वेद माता सदा सर्वदा ही किया करें।

इत्येतत् कवचं ब्रह्मन् गायत्र्याः सर्वपावनम्,
पुण्यं पवित्रं पापघ्नं सर्व रोग निवारणम्॥१०॥

ब्रह्मा कहते हैं कि यह गायत्री कवच सर्वपावन है, पुण्य का दाता, पापों का नाशक, पवित्र व समस्त रोगों की निवारण करने वाला है।

द्विसंध्यं यः पठेद्विद्वान सर्वान् कामा वाप्नुयात्,
सर्व शास्त्रार्थ तत्वज्ञः स भवेदवेदवित्तमः॥११॥

जो विद्वान तीनों सन्ध्याओं में इसका पाठ करता है उसकी समस्त कामनाएँ पूर्ण होती हैं। वह सभी शास्त्रों का तत्व समझा जाता है जिस कारण वेदवेत्ताओं में भी उत्तम हो जाता है।

सर्वयज्ञफलम् प्राप्य ब्रह्मान्ते समवाप्नुयात्,
प्राप्नोति जपमात्रेण पुरुषार्थाश्चतुर्विधान्॥१२॥

सभी यज्ञों के समान फल प्राप्त होते हैं। ब्रह्मा के समान हो जाता है। इस केवल जप मात्र से चतुर्विध पुरुषार्थ की उपलब्धि हुआ करती है।

॥ इति विश्वामित्र संहितोक्तं गायत्री कवचम्॥

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

आरती गायत्री जी की

जयति जय गायत्री माता, जयति जय गायत्री माता,
आदि शक्ति तुम अलख निरंजन जगपालक कत्री,
दुःख शोक कलेश कलश दारिद्रय दैन्य हत्री।
ब्रह्म रूपिणी, प्रणत पालिनी जगत धात अम्बे,
भव भय हारी, जन हितकारी, सुखदा जगदम्बे।
भय हारिणी भवतारिणी, अनघे अज आनन्द राशि,
अविकारी, अघहरौ, अविचलित, अमले अविनाशी।
कामधेनु सत चित आनन्द जय गंगा गीता,
सविता की शाश्वती, शक्ति तुम सावित्री सीता।
ऋग यजु साम, अथर्वप्रणयनी, प्रणव महामहिमे।
कुण्डलिनी सहस्त्रार सुषुम्ना शोभा गुण गरिमे।
स्वाहा स्वधा, शची ब्रह्माणी राधा रूद्राणी,
जय सतरूपा, वाणी, विद्या, कमला, कल्याणी।
जननी हम हैं दीन-हीन, दुःख दारिद्र के घेरे,
यद्यपि कुटिल, कपटी, कपूत तउ बालक हैं तेरे।
स्नेहसनी करूणामयी माता चरण शरण दीजे,
बिलख रहे हम शिशु सुत तेरे दया दृष्टि कीजे।
काम, कोध, मद, लोभ दम्भ दुर्भाव द्वेष हरिये,
शुद्धि बुद्धि निष्पाप हृदय मन को पवित्र करिये।
तुम समर्थ सब भाति तारिणी तुष्टि त्राता,
सत मार्ग पर हमें चलाओं, जो है सुखदाता ॐ।

●●●

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

दिव्य श्री काली कवचम्

विनियोग मन्त्र

ॐअस्त्र श्रीकाली कवचस्य भैरव ऋषिर्गायत्री छंदः, श्री काली देवता सद्यः शत्रु हननार्थे पाठे विनियोगः।

मैं काली कवच का पाठ अपने शत्रु का हनन के लिए कर रहा हूं। इस कवच के भैरव ऋषि हैं। गायत्री छन्द है एवं इसके देवता स्वयं काली जी है।

काली ध्यानम्

ध्यात्वा कालीं महामाया त्रिनेत्रां बहुरूपिणीम्।
चतुर्भुजां लोलजिह्वां पूर्ण चन्द्र निभाननाम्॥१॥

जिनके तीन नेत्र हैं, जिनके अनगिनत रूप हैं, जिनकी चार भुजाएँ हैं, लाल जीभ हैं तथा जो पूर्ण चंद्र के समान कांतिमान हैं। मैं ऐसा ध्यान करता हूँ।

नीलोत्पलदलश्यामां शत्रुसंघ विदारिणीम्।
नरमुण्डं तथा खड़्गं कमलं वरदं तथा॥२॥

वो नील कमल के सदृश श्यामावर्णा हैं। शत्रु के समूह का नाश करने वाली हैं। इन्होंने खड़ग, कमल, नरमुण्ड तथा वरदान देने के निमित्त हस्त मुद्रा धारण की हुई है।

विभ्राणां रक्तवसनां घोरदंस्ट्रा स्वरूपिणीम्।
अटट्टहासनिरतां सर्वदा च दिगम्बराम्॥३॥

लाल वस्त्र धारण किए, भयंकर दॉतों वाली जो कि बड़े जोर से अटट्टहास करती हैं एवं जो सदा नग्न रहती हैं।

शवासनस्थितां देवी मुण्डमाला विभूषिताम्।
इति ध्यात्वा महादेवीं ततस्तु कवचं पठेत्॥४॥

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

वो शव को आसन बना कर बैठती है तथा जो मुण्डों की माला धारण करती है। (इस प्रकार से ध्यान करके महादेवी का कवच पढ़ना चाहिए।)

शिव उवाचः

(रावण के द्वारा पूछे जाने पर यह कवच शिवजी ने रावण को बताया था)

ॐकालिका घोर रूपाद्या सर्वकाम प्रदा शुभा,
सर्व देव स्तुता देवी शत्रुनाशं करोतु मे॥१॥

हे घोर रूप को धारण करने वाली, सर्व कामनाओं को देने वाली, सदा शुभ करने वाली एवं समस्त देवों के द्वारा स्तुति किए जाने वाली कालिका देवी मेरे शत्रुओं का नाश करो।

ह्रीं ह्रीं स्वरूपिणी चैव ह्रीं ह्रीं सं हं गिनी तथा,
ह्रीं ह्रीं क्षैं क्षौं स्वरूपा सा सर्वदा शत्रु नाशिनी॥२॥

ह्रीं ह्रीं स्वरूप वाली, ह्रीं ह्रीं सं हं बीज रूपा तथा ह्रीं ह्रीं क्षै क्षौं स्वरूप वाली माता सर्वदा ही शत्रुओं का नाश करती रहें।

श्रीं ह्रीं ऐं रूपिणीं देवी भव बन्ध विमोचिनी,
यथा शुम्भो हतो दैत्यो निशुम्भश्च महासुरः॥३॥

श्री अर्थात् लक्ष्मी, ह्रीं अर्थात् शक्ति, ऐं अर्थात सरस्वती रूपिणी देवी जो भव बन्धनों से स्वतन्त्र कर देती हैं। आपने जिस भाँति से शुम्भ निशुम्भ का वध किया था।

वैरिनाशाय वन्दे ताँ कालिकाँ शंकर प्रियाम्।
ब्राह्मी शैवी वैष्णवी च वाराही नारसिंहिका॥४॥

गायत्री रूपी, पार्वती रूपी, लक्ष्मी रूपी, वाराही व नारसिंही आदिक अनेक रूप धारण करने वाली शिवजी को प्रिय लगने वाली कालिके! मैं आपको नमस्कार करता हूं। आप मेरे शत्रुओं का नाश कीजिये।

कौमारी श्रीश्चचामुण्डा खाद्ययन्तु मम द्विषान्।
सुरेश्वरी घोररूपा चण्ड मुण्ड विनाशिनी॥५॥

कुमारी लक्ष्मी (कमला), चामुण्डा मुझसे द्वेष करने वालों का भक्षण करो। इन्द्राणी, घोर रूपा चण्ड मुण्ड का विनाश करने वाली।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मुण्डमाला वृतांगी च सर्वतः पातु मां सदा,
ह्रीं ह्रीं कालिके घोरदंष्ट्रे रुधिर प्रिये।।६।।

ह्रीं ह्रीं अर्थात बारम्बर शक्ति प्रदान करने वाली, विकराल दांतों वाली, रुधिर पान से प्रसन्न होने वाली मुण्डमाला को पहनने वाली कालिके माता सदा सर्वदा मेरी रक्षा करो।

।। इति श्री काली कवचम् समाप्तम् ।।

माला मन्त्र

ॐरुधिर पूर्ण वक्त्रे च रुधिराविताास्तिनी मम शत्रुन खाद्य खाद्य, हिंसय हिंसय, मारय मारय, भिन्धि भिन्धि छिन्धि छिन्धि, उच्चाटय उच्चाटय, द्रावय द्रावय, शोषय, शोषय यातुधानिके चामुंडे ह्रीं ह्रीं वाँ वीं कालिकायै सर्व शत्रून समर्पयामि स्वाहा, ॐ जहि जहि, किटि किटि, किरि किरि, कटु कटु, मर्दय मर्दय, मोहय मोहय, हर हर मम् रिपुन् ध्वंसय, भक्षय भक्षय, त्रोटय त्रोटय मातु धानिका चामुण्डायै सर्व जनान, राज पुरुषान, राज श्रियं देहि देहि, नूतनं नूतनं धान्य जक्षय जक्षय क्षाँ क्षीं क्षूँ क्षौं क्षः स्वाहा।

फल श्रुति

इत्येतत् कवचं दिव्यं कथितं तव रावणः,
ये पठन्ति सदा भक्तया तेषां नश्यन्ति शत्रुवः।।७।।
वैरिणः प्रलयं यान्ति व्याधिताशय भविन्त हि,
धनहीनः पुत्रहीनः शत्रुदस्तय सर्वदा।
सहस्त्र पठनात् सिद्धिः कवचस्य भवेत्तदा,
ततः कार्याणि सिद्धयन्ति नान्यथा मम् भाषितम्।।९।।

हे रावण! मैंने इस दिव्य कवच को तुम्हारे समक्ष कहा है। जो भी दस कवच का पाठ भक्तिपूर्वक नित्य करेगा, उसके शत्रुओं का नाश होगा। उसके शत्रु रोग से पीड़ित होंगे तथा धन पुत्रादि सुखों से वह हीन हो जायेंगे। इसको एक हजार बार पढ़ने से सिद्धि हो जाती है। सिद्ध हो जाने पर मारण प्रयोग में सफलता मिलती है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री काली जी की आरती

मंगल की सेवा, सुन मेरी देवा हाथ जोड़ तेरे द्वार खड़े।
पान सुपारी ध्वजा नारियल, ले ज्वाला तेरी भेंट धरे।
सुन जगदम्बे कर न विलम्बे, भक्तन के भण्डार भरे।
सन्तन प्रतिपाली सदा खुशहाली, जय काली कल्याण करे।
बुद्धि विधाता तू जग माता, मेरा कारज सिद्ध करे।
चरण कमल का लिया आसरा, शरण तुम्हारी आन परे।
जब-जब भीर पड़े भक्तन पर, तब-तब आय सहाय करे।
सन्तन.........................
बार-बार तैं तब जग मोह्यो, तरूणी रूप अनूप धरे।
माता होकर पुत्र खिलावे, कहीं भार्या बनकर भोग करे।
सन्तन सुखदाई सदा सहाई, सन्त खड़े जयकार करे।
सन्तन.........................
ब्रह्मा, विष्णु, महेश फल लिए भेंट देन सब द्वार खड़े।
अटल सिंहासन बैठी माता, सिर सोने का छत्र फिरे।
वार शनिश्चर कुमकुल वरणी, जब लंकड़ पर हुक्म करे।
सन्तन.........................
खंग खप्पर त्रिशूल हाथ लिए, रक्त-बीज कूं भस्म करे।
शुम्भ-निशुम्भ क्षण ही में मारे, महिषासुर को पकड़ दले।
आदितवार आदि की वीरा, जन अपने का कष्ट हरे।
सन्तन.........................
कुपित होय के दानव मारे, चण्ड-मुण्ड सब चूर करे।
जब तुम देखो दया रूप हो, पल में संकट दूर करे।
सौम्य स्वरूप धरयो मेरी माता, जन की अरज कबूल करे।
सन्तन.........................
सात बार की महिमा बरनी, सब गुण कौन बखान करे।
सिंह पीठ पर चढ़ी भवानी, अटल भवन में राज्य करे।
दर्शन पावें मंगल गावें, सिद्ध साधक तेरी भेंट धरे।
सन्तन.........................
ब्रह्मा वेद पढ़े तेरे द्वारे, शिव शंकर हरि ध्यान करे।
इन्द्र कृष्ण तेरी करें आरती, चंवर कुबेर डुलाय रहे।
जय जननी जय मातु भवानी, अचल भवन में राज्य करे।
सन्तन.........................

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री हनुमान कवचम्

एकदा सुखमासीनं शंकरं लोकशंकरम्
प्रपच्छ गिरिजा कान्तं कर्पूरधवलं शिवं॥१॥



एक बार कर्पूर के समान अत्यन्त शुभ्र वर्णमयी लोक कल्याणी सुखासन में बैठे शिवजी से पार्वती जी ने पूछा-

पार्वत्युवाचः

भगवान् देवदेवेश लोकनाथ जगत्प्रभो,
शोकाकुलानां लोकानां केन रक्षा भवेद्भव॥२॥
संग्रामे संकटे घोरे भूत प्रेतादिके भये,
दुःख दावाग्नि संतप्तचेतसां दुःखभागिनाम्॥३॥

पार्वती जी ने पूछा-हे भगवान! हे देव देवेश! हे जगत के प्रभु! युद्ध के संकट वाले समय, भूत-प्रेत से पीड़ित हो जाने पर, दुःख की भरमार हो जाने पर और शोकादि के बढ़ जाने पर, सन्तप्त हृदयों की रक्षा किस प्रकार से होगी।

महादेव उवाचः

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि लोकानां हितकाम्यया,
विभीषणाय रामेण प्रेम्णां दत्तं च युत्पुरा॥४॥

महादेव ने बताया-सुनो देवी! लोक के कल्याणार्थ भगवान राम ने विभीषण को जो-

कवच कपिनाथस्य वायुपुत्रस्य धीमतः,
गुह्यं तत्ते प्रवक्ष्यामि विशेषाच्छणु सुन्दरी॥५॥

वायु पुत्र कपिनाथ अर्थात हनुमान का कवच बताया था वो अत्यन्त गोपनीय है। इस विशेष कवच को हे सुन्दरी श्रवण करो।

विनियोगः

ॐ अन्य श्री हनुमान कवच स्तोत्र मन्त्रस्य श्री रामचंद्र ऋषिः श्री वीरो हनुमान् परमात्मा देवता, अनुष्टुप छन्दः, मारूतात्मज इति बीजम्, अंजनीसुनुरीति शक्तिः, लक्ष्मण प्राणदाता इति जीवः,

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्रीराम भक्ति रिति कवचम्, लंकाप्रदाहक इति कीलकम् मम सकल कार्य सिद्धयर्थे जपे विनियोगः॥६॥

मन्त्रः

ॐऐं श्रीं ह्राँ ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः॥७॥

इस मन्त्र को यथाशक्ति जपें।

करन्यासः

ॐ ह्राँ अंगुष्ठाभ्याँ नमः॥८॥
ॐ ह्रीं तर्जनीभ्याँ नमः॥९॥
ॐ ह्रूं मध्यमाभ्याँ नमः॥१०॥
ॐ ह्रैं अनामिकाभ्याँ नमः॥११॥
ॐ ह्रौं कनिष्ठिकाभयाँ नमः॥१२॥
ॐ ह्रः करतल करपृष्ठाभ्याँ नमः॥१३॥

हृदयादिन्यास

ॐ अंजनी सूतवे नमः, हृदयाय नमः ॥१४॥
ॐ रुद्रमूर्तये नमः, शिरसे स्वाहा ॥१५॥
ॐ वातात्मजाय नमः, शिखायै वषट ॥१६॥
ॐ रामभक्तिरताय नमः, कवचाय हुम् ॥१७॥
ॐ वज्र कवचाय नमः, नेत्र त्र्याय वौषट् ॥१८॥
ॐ ब्रह्मास्त्र निवारणाय नमः, अस्त्राय फट् ॥१९॥

ध्यान

ॐ ध्यायेद बालदिवाकर द्युतिनिभं देवारिदर्पापहं,
देवेन्द्र प्रमुख प्रशस्तयशसं देदीप्यमानं रुचा॥२०॥
सुग्रीवादि समस्त वानरयुतं सुव्यक्ततत्वप्रियं,
संरक्तारूण लोचनं पवनजं पीताम्बरालंकतम्॥२१॥

उदय काल के सूर्य के समान कांति वाले, असुरों के गर्व का नाशकरने वाले देवतादि प्रमुख, उत्तम कीर्तिमयी, पूर्ण तेजस्वी, सुग्रीवादि वानर सहित, ब्रह्मतत्व को प्रत्यक्ष करने वाले, रक्त व अरूण नेत्रमयी, पीताम्बर से अलंकृत हनुमान जी का ध्यान करना चाहिए।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

उद्यन्मार्तण्डकोटि प्रकट रुचि युतं चारुबीरासनस्थं,
मौंजी यज्ञोपवीताऽऽभरण रुचि शिखा शोभितं॥२२॥
कुण्डलाढयम्। भक्तानामिष्टदम्न प्रणतमुनजनं वेदनादप्रमोदं,
ध्यायेद्देवं विधेय प्लवगकुलपतिं मोष्पदीभूतवर्धिम्॥२३॥

उदय काल से करोड़ों सूर्य समान कांतिमयी, वीरासन में शोभित अत्यन्त रूचि से मौंजी तथा यज्ञोपवीत को धारण करने वाले, कुण्डलों से सुशोभित्, भक्तों की वाँछा पूर्ण करने में चतुर, वेदों के शब्द के अपार हर्षित होनेवाले, वानरों के प्रमुख एवं अत्यधिक विस्तृत समुद्र को अचानक लांघ जाने वाले हनुमान जी का ध्यान करना चाहिए।

वज्राङ्गं पिंगकेशाढ्यं स्वर्णकुण्डल मण्डितम्,
उद्यदक्षिण दोर्दण्डं हनुमन्तं विचिन्तये॥२४॥
स्फटिकाभं स्वर्णकान्तिं द्विभुजं च कृताञ्जलिम्,
कुण्डलद्वय संशोभि मुखाम्भोजं हरिं भजे॥२५॥

जिनका शरीर वज्र के समान कठोर है। केश पीले हैं। जिन्होंने स्वर्ण कुण्डल धारण किये हुए हैं। जिनका दाहिना हाथ ऊपर को उठा हुआ है। स्फटिक के समान कांतिमयी, स्वर्ण की भाँति देदीप्यमान, जो भुजामयी, जिन्होंने हाथों की अंजलि बना रखी हैं ऐसे हनुमान जी का ध्यान करता हूं।

हनुमान मन्त्र

निम्नलिखित मन्त्र सावधानी से जपें।

ॐ नमो भगवते हनुमदाख्य रुद्राय सर्व दुष्ट जन मुख्य स्तम्भनं कुरु कुरु ॐ ह्राँ ह्रीं हूं ठं ठं ठं फट् स्वाहा, ॐ नमो हनुमते शोभिताननाय यशोऽलंकृताय अंजनी गर्भ सम्भूताय रामलक्ष्मणनंदकाय कपि सैन्य प्राकाशय पर्वतोत्पाटनाय सुग्रोवसाह्य करणाय परोच्चाटनाय कुमार ब्रह्मचर्याय गम्भीर शब्दोदयाय ॐ ह्राँ ह्रीं हूँ सर्व दुष्ट ग्रह निवारणाय स्वाहा।

ॐ नमो हनुमते सर्व ग्राहन्भूत भविष्यद्वर्तमान दूरस्थ समीप स्थान् छिंधि छिंधि भिंधि भिंधि सर्व काल दुष्ट बुद्धिमुच्चाटयोच्चाटय परबलान क्षोभय क्षोभय मम सर्व कार्याणि

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधय साधय ॐ ह्राँ ह्रीं हूं फट् देहि ॐ शिव सिद्धि ॐ ह्राँ ह्रीं ह्रूँ स्वाहा।

ॐ नमो हनुमते पर कृत यन्त्र मन्त्र पराहङ्कारः भूत प्रेत पिशाच पर दृष्टि सर्व तर्जन चेटक विद्या सर्व ग्रह भयं निवारय विनारय, वध वध, पच पच, दल दल, विलय विलय सर्वाणिकुयन्त्राणि कुट्टय कुट्टय, ॐ ह्राँ ह्रीं ह्रूँ फट् स्वाहा।

ॐ नमो हनुमते पाहि पाहि ऐहि ऐहि सर्व ग्रह भूतानाँ शाकिनी डाकिनीनां विषमदुष्टानाँ सर्वेषामाकर्षय कर्षय, मर्दय मर्दय, छेदय छेदय, मृत्यून् मारय मारय, शोषय शोषय, प्रज्वल प्रज्वल, भूत मण्डल, पिशाच मण्डल, निरसनाय भूत ज्वर, प्रेत ज्वर, चातुर्थिक ज्वर, विष्णु ज्वर, महेश ज्वरं, छिन्धि छिन्धि, भिंधि भिंधि, अक्षि शूल, पक्ष शूल, शिरोऽभ्यंतर शूल, गुल्म शूल, पित्त शूल, ब्रह्म राक्षस कुल पिशाच कुलच्छेदनं कुरु प्रबल नाग कुल।

विषं निर्विषं कुरु कुरु झटति झटति,
ॐ ह्राँ ह्रीं ह्रूं फट् सर्व ग्रह निवारणाय स्वाहा।

ॐ नमो हनुमते पवन पुत्राय वैश्वानर पार दृष्टि, चोर, दृष्टि हनुमदाज्ञा स्फुर ॐ स्वाहा, ॐ ह्राँ ह्रीं ह्रूं फट् घे घे स्वाहा।

श्री राम उवाचः

हनुमान पूर्वतः पातु दक्षिणे पवनात्मजः,
पातु प्रतीच्याँ रक्षोघ्नः पातु सागरपारगः॥१॥
उदीच्यामूर्ध्वगः पातु केसरी प्रिय वन्दनः,
अधस्ताद् विष्णु भक्तस्यु पातु मध्यं च पावनिः ॥२॥
अवान्तर दिशः पातु सीता शोकविनाशकः,
लंकाविदाहकः पातु सर्वापद्भ्यो निरंतरम् ॥३॥

श्री राम ने कहा-

पूर्व में हनुमान, दक्षिण में पवनात्मज, पश्चिम में रक्षोघ्न, उत्तर में सागर पारग, ऊपर से केसरी नन्दन, नीचे से विष्णु भक्त, मध्य में

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पावनि, अवान्त दिशाओं सीता शोक विनाशक तथा समस्त मुसीबतों में लंकाविदाहक मेरी रक्षा करें।

सुग्रीव सचिवः पातु मस्तकं वायुनन्दनः,
भालं पातु महावीरो भ्रुर्वोमध्ये निरन्तरम्।।४।।
नेत्रेच्छायापहारी च पातु नः प्लवगेश्वरः,
कपोले कर्णमूले च पातु श्रीराम किंकरः।।५।।
नासाग्रमञ्जनीसूनु पातु वक्त्रं हरीश्वर,
वाचं रुद्राप्रिय पातु तिह्वा पिंगल लोचनः।।६।।

सचिव सुग्रीव मेरे मस्तक की, वायुनन्दन भाल की, महावीर भौंहों के मध्य की, छायापहारी नेत्रों की, प्लवगेश्वर कपोलों की रामकिंकर कर्णमूल की, अंजनीसुत नासाग्र की हरीश्वर सुख की, रुद्रप्रिय वाणी की तथा पिंगल लोचन मेरी जीभ की सर्वदा रक्षा करें।

पातु दन्तान फाल्गुनेष्टाश्चिबुकं दैत्यापादहा,
पातु कण्ठं च दैत्यारीः स्कन्धौ पातु सुरार्चितः।।७।।
भुजौ पातु महातेजाः करौ तो चरणायुधः,
नखान नखायुधः पातु कुक्षिं पातु कपीश्वरः।।८।।
वक्षो मुद्रापहारी च पातु पार्श्वे भुजायुधः,
लंकाविभञ्जनः पातु पृष्ठदेशे निरन्तरम्।।९।।

फाल्गुनेष्ट मेरे दाँतों की, दैत्यापाहदा चिबुक की, दैत्यारी कंठ की, सुरार्चित मेरे कन्धों की, महातेजा भुजाओं की, चरणायुध हाथों की, नखायुध नखों की, कपीश्वर कोख की, मुद्रापहारी वक्ष की, भुजायुध अगल बगल की, लंकाविभंजन मेरी पीठ की सदा रक्षा करें।

वाभिं च रामदूतस्तु कटिं पात्वनिलात्मजः,
गुह्मं पातु महाप्राज्ञो लिंग पातु शिव प्रियः।।१०।।
ऊरू च जानुनी पातु लंका प्रासाद भञ्जनः,
जंघे पातु कपिश्रेष्ठो गुल्फौ पातु महाबलः।।११।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अचलोद्धारकः पातु पादौ भाष्कर सन्निभिः,
अङ्गान्यमित सत्त्वाढयः पातु पादाँगुलीस्तथा॥१२॥

रामदूत नाभि की, नीलात्मज कमर की, महाप्राज्ञा गुदा की, शिवप्रिय लिंग की, लंका प्रसाद भंजन जानु एवं उरू की, कपिश्रेष्ठ जंघा की, महाबल गुल्फों की, अचलोद्धारक पैरों की,भाष्कर सन्निया अंगों की, अमित सत्ताढव पांव वाली अंगुलियों की सर्वदा रक्षा करें।

सर्वाङ्गानि महाशूरः पातु रोमाणि चात्मवान्,
हनुमत्कवच यस्तु पठेद् विद्वान विचक्षणः॥१३॥
स एव पुरुषश्रेष्ठो भुक्तिं मुक्तिं च विन्दति,
त्रिकालमेककालं वा पठेन्मास्त्रयम् सदा॥१४॥
सर्वानरिपुन क्षणाजित्वा स पुमान्श्रियमाप्नुयात्,
मध्यरात्रे जले स्थित्वा सप्तधारम् पठेद यदि॥१५॥

मशहूर सभी अंगों की, आत्मवान रोगों से सर्वदा रक्षा करें। जो विद्वान इस विचक्षण कवच का पाठ करता है वह भक्ति एवं मुक्ति को प्राप्त करता है। एक समय या तीनों समय प्रतिदिन जो साधक तीन मास तक इसका पाठ करता है वह क्षण मात्र में ही शत्रु वर्ग को जीत कर लक्ष्मी प्राप्त करता है। आधी रात के समय जल के मध्य स्थित होकर इसके सात पाठ करने से क्षय, अपस्मार, कुष्ठ तथा तिजारी का निवारण होता है।

क्षयाऽपस्मार कुष्ठादि ताप ज्वर निवारणम्,
अश्वत्थमूलेऽर्कवारे स्थित्वा पठति यः पुमान्॥१६॥
अचलां श्रियमाप्नोति संग्रामे विजयं तथा,
लिखित्वा पूजयेद यस्तु सर्वत्र विजयी भवेत्॥१७॥
यः करे धारयेन्नित्यं स पुमान् श्रियमाप्नुयात्,
विवादे द्यूतकाले च द्यूते राजकुले रणे॥१८॥
दशवारं पठेद् रात्रौ मिताहारो जितेन्द्रियः,
विजयं लभते लोके मानुषेषु नराधिपः॥१९॥

रविवार के दिन अश्वत्थ वृक्ष की जड़ के पास बैठकर इसका

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पाठ करने से संग्राम विजय तथा अचल लक्ष्मी प्राप्त होती है। इसे लिखकर फिर इसकी पूजा करने पर सर्वत्र विजय मिलती है। इसे धारण करने से लक्ष्मी प्राप्त होती है। वाद-विवाद जुआ राज-घराने एवं युद्ध में इसके दश पाठ करने से विजय प्राप्त होती है।

भूत प्रेत महादुर्गे रणे सागर समप्लवे,
सिंह व्याघ्रभ्ये चोग्रे शर शस्त्रास्त्र पातने ॥२०॥
शृंखला बन्धने चैव काराग्रह नियन्त्रणे,
कायस्तोभे वह्नि चक्रे क्षेत्रे घोरे सुदारुणे॥२१॥
शोके महारणे चैव बालग्रहविनाशनम्,
सर्वदा तु पठेन्नित्यं जयमाप्नुत्यसंशयम्॥२२॥

भूत, प्रेत, महादुख, रण, सागर, सिंह, व्याघ्र, शस्त्रास्त्र के मध्य फँस जाने पर, जंजीरों से बाँधे जाने पर, कारागार में जाने पर, आग में फँसने, शरीर में पीड़ा होने, शोकादि व ब्रह्मग्रह के निवारण के लिए इसे प्रतिदिन पढ़ना चाहिए।

भूर्जे व वसने रक्ते क्षीमे व ताल पत्रके,
त्रिगन्धे नाथ मश्यैव विलिख्य धारयेन्नरः॥23॥
पञ्च सप्त त्रिलोहैर्वा गोपित कवचं शुभम्,
गले कटयां बाहुमूले कण्ठे शिरसि धारितम् ॥24॥
सर्वान्कामान्वाप्नुयात् सत्यं श्रीराम भाषितं॥25॥

भोजपात्र, लाल रेश्मी वस्त्र, ताड़पत्र पर इस कवच को त्रिगन्ध की स्याही से लिखकर इसे धारण करना चाहिए। पांच, सात तथा तीन लोहे के मध्य रखकर गले पर, कमर पर भुजा पर या सिर पर धारण करने से धारक की समस्त अभिलाषाएँ पूर्ण होती हैं। यह श्री राम ने कहा है।

इति श्री हनुमद् कवचं सम्पूर्णम्

●●●

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

आरती हनुमान जी की

आरती कीजे हनुमान लला की,
दुष्ट दलन रघुनाथ कला की।
जाके बल से गिरवर काँपे,
भूत पिशाच निकट नहीं झाँके।
लंका सो कोट समुद्र सी खाई,
जात पवनसुत बार न लाई।
दे बीड़ा रघुनाथ पठाये, लंका प्रज्जवलि सिया सुधि लाये।
जगमग ज्योति अवधपुर राजा, घण्टा ताल पखावज बाजा।
शक्ति बाण लगा लक्ष्मण को, लाय संजीवन लक्ष्मण जिवायो।
पैठ पाताल तोरि यम-कारे, अहिरावण की भुजा उखारे।
बायीं भुजा से असुर संहारे, दाहिने भुजा सन्त जन तारे।
अञ्जनी पुत्र महा बलदाई, सन्तन के प्रभु सदा सहाई।
सुर नर मुनि जन आरती उतारें, जय-जय जय हनुमान उचारें।
कञ्चन थार कपूर लौ छाई, आरती करत अञ्जना माई।
जो हनुमान जी की आरती गावै, बसि बैकुण्ठ परम पद पावै।
लंका विध्वंस किये रघुराई, तुलसीदास स्वामी आरती गाई।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

विघ्नविनाशक श्री गणेश कवचम्

मुनि उवाच

ध्यायेत् सिंहगतं विनायकममुदिग्बाहुमाधे युगे,
त्रेतायां तु मयूरवाहनममुं षडबाहुकं सिद्धिदम्॥१॥
द्वापरके तु गजाननं युगभुजं रक्तांग रागं विभुँ
तुर्ये तु द्विभुजं सितांगरुचिरं सर्वार्थदं सर्वदा॥२॥

सतयुग में सिंह पर सवार आठ हाथ वाले विनायक का ध्यान करें। त्रेतायुग में सिद्धिदायक, छः हाथ वाले, मयूर पर सवार गणेश का ध्यान करें। द्वापर में चार हाथ वाले गणपति लाल अंगराग की जैसी कांति वाले तथा कलियुग में दो हाथ वाले श्वेतांग जो सर्वदा सर्वकार्य पूर्ण करते हैं ऐसे गणेशजी का ध्यान करें।

विनायकः शिखां पातु परमात्मा परारत्परः,
अति सुन्दरकायस्तु मस्तकं सुमहोत्कटः॥३॥

परात्पर परमात्मा विनायक चोटी की रक्षा करें, अधिक सुन्दर शरीर वाले सुमहोत्कट मस्तक की रक्षा करें।

ललाटं कश्यपः पातु भ्रूयुगं तु महोदरः,
नयने भाल चंद्रस्तु गजास्यस्त्वोष्ठपल्लवौ॥४॥

ललाट की कश्यप, भौंहों की महोदर, आँखों की भालचन्द्र और दोनों होठो की रक्षा गजमुंख करें।

जिह्वां पातु गणाक्रीडश्चिबुकं गिरिजासुतः,
वाचं विनायकः पातु दंतान् रक्षतु दुर्मुख॥५॥

जिह्वा की रक्षा गणक्रीड, चिबुक की रक्षा गिरिजा नन्दन, वाणी की रक्षा विनायक और दाँतों की रक्षादुर्मुख करें।

श्रवणौ पाशुपाणिस्तु नासिकां चिंतितार्थदः,
गणेशस्तु मुखं कंठं पातु देवो गणञ्जयः॥६॥

पाशपाणि दोनों हाथ की, इच्छित फल देने वाले नाक की, गणेश मुख की, गणों को जीतने वाले देव कंठ की रक्षा करें।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

स्कन्धौ पातु गजस्कन्धः स्तनौ विघ्नविनाशनः,
हृदयं गणनाथस्तु हेरंबो जठरं महान्।।७।।

दोनों कंधों की रक्षा गज स्कन्ध, स्तनों की विघ्न-विनाशक, हृदय की गणनाथ और हेरंब पेट की रक्षा करें।

धराधरः पातु पार्श्वौ पृष्ठं विघ्नहरः शुभः,
लिंगं गुह्यं सदा पातु वक्रतुण्डो महाबलः।।८।।

दोनों पार्श्व भाग की धराधर, पीन की विघ्नहर और लिंग एवं गुह्य की रक्षा महाबली वक्रतुण्ड करें।

मणक्रीडो जानु जंघे उरु मङ्गलमूर्तिमान्,
एकदन्तो महाबुद्धिः पादौ गुल्फौ सदावतु।।९।।

घुटनों तथा जंघाओं की रक्षा गणों से खेलने वाले करें, नितम्बर की मंगलपूर्ति, पैर और गुल्फ की रक्षा महाबुद्धि वाले एकदन्त करे।

क्षिप्रप्रसादनो बाहू पाणी आशाप्रपूरकः,
अंगुलीश्च नखान्पातु पद्म हस्तोरिनाशनः।।१०।।

बाहु की रक्षा शीघ्र प्रसन्ना, हाथों की रक्षा आशा पूरक करें, अंगुली तथा नाखुनों की रक्षा हाथ में कमल धारक शत्रुनाशक करें।

सर्वाङ्गाणि मयूरेशो विश्वव्यापी सदावतु,
अनुक्तमपि यत्स्थानं धूम्रकेतुः सदावतुः।।११।।

सम्पूर्ण अंगों की रक्षा विश्वव्यापी मयरेश करें। अकथति स्थानों की रक्षा धूम्रकेतु करे।

आमोदस्त्वग्रतः पातु प्रमोदः पृष्ठतोऽवतु,
प्राच्यां रक्षतु बुद्धिश आग्नेयां सिद्धिदायकः।।१२।।

आगे आमोद, पीछे प्रमोद, पूर्व में बुद्धीश आग्नेय में सिद्धिदायक रक्षा करें।

दक्षिणस्यामुमापुत्रो नैऋत्यां तु गणेश्वरः,
प्रतीच्यां विघ्नहर्ताऽव्याद्वायव्यां गजकर्णकः।।१३।।

दक्षिण की उमा पुत्र, नेऋत्य में गणेश्वर, पश्चिम में विघ्नहर्ता तथा वायव्य में गज कर्णक रक्षा करें।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

कौंबेर्या निधिपः पायादीशान्यामीशनन्दनः,
दिवोऽव्यादेकदन्तस्तु रात्रौ संध्यासु विघ्नहृत्॥१४॥

उत्तर में निधिप, ईशान में ईशनन्दन, दिन में एकदन्त रात्रि में तथा संध्याओं में विघ्नहर्ता रक्षा करें।

राक्षसासुर वेताल ग्रह भूत पिशाचतः,
पाशांकुशधरः पातु रजः सत्वतमः स्मृतीः॥१५॥

राक्षस, असुर, बेताल, ग्रह, भूत, पिशाच से पाशांकुश धारण करने वाले, रजोगुण, सतोगुण तथा तमोगुण से युक्त रक्षा करें।

ज्ञानं धर्म च लक्ष्मीं च लज्जा कीर्ति तथा कुलम्,
वपुर्धनं च धान्यं च गृह दारान्सुतान्सखीन्॥१६॥

ज्ञान, धर्म, लक्ष्मी, लज्जा, कीर्ति, कुल, शरीर, धन, धान्य, घर, पत्नी, पुत्र और मित्र की रक्षा... ।

सर्वायुधधरः क्षेत्रं मयूरेशोऽवतात्सदा,
कपिलोऽजाविकं पातु गजाश्वान् विकटोवतु॥१७॥

सर्वायुध करें-खेत की रक्षा सदैव मयरेश करें। बकरी तथा भेड़ की रक्षा कपिल करें, हाथी तथा घोड़े की रक्षा विकट करें।

भूर्जपत्रे लिखित्वेदं यः कण्ठे धारयेत्सुधीः,
न भयं जायते तस्य यक्ष रक्षः पिशाचतः॥१८॥

इस कवच को भोजपत्र में लिखकर जो बुद्धिमान कंठ में धारण करता है, उसको यक्ष, राक्षस तथा पिशाच का कभी भय नहीं होगा।

त्रिसन्ध्यं जपते यस्तु वज्रसार तनुर्भवेत्,
यात्रा काले पठेद्यस्तु निर्विघ्नेन फलं लेभेत्॥१९॥

इस कवच को जो कोई तीनों संध्याओं में पढ़ता है, उसका शरीर वज्रवत कठोर हो जाता है। यात्रा काल में पढ़ें, तो कार्य निर्विघ्न सफल होता है।

युद्धकाले पठेद्यस्तु विजयं चाप्नुयाद ध्रुवम्,
मारणोच्चाटनाकर्ष स्तम्भ मोहन कर्मणि॥२०॥

युद्ध काल में पढ़ने पर अवश्य विजय प्राप्त होती है, मारण उच्चाटन, आकर्षण, स्तम्भन, मोहन आदि कर्म में।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सप्तवारं जपेदेतद्दिनानामेक विंशतिम्,
तत्तत्फल मवाप्नोति साधको नात्र संशयः॥२१॥

७ बार २१ दिन तक जपने से उपर्युक्त फल साधक को प्राप्त होता है, इसमें कोई सन्देह नहीं है।

एकविंशतिवारं च पठेंत्तावद्दिनानि यः,
कारागृह गतं सद्यो राज्ञवध्यं च मोचयेत्॥२२॥

इसे २१ दिनों में २१ बार जो पढ़ता है, वह जेल के बन्धन से छूट जाता है।

राजा दर्शन वेलायां पठेदेत त्रिवारतः,
स राजानं वशं नीत्वा प्रकृतिञ्च सभां जयेत्॥२३॥

राजा दर्शन के समय में तीन बार पढ़ने से राजा वश में हो जाता है और पाठक सभा जीत जाता है।

इदं गणेश कवचं कश्यपेनसमीरितम्,
मृद्गलाय च त्रैनाथ माण्डव्याय महर्षये॥२४॥

यह गणेश कवच कश्यप ने मुद्गल को बताया था मुद्गल ने महर्षि माण्डव्य को बताया था।

मह्यं स प्राह कृपया कवचं सर्वसिद्धिदम्,
न देयं भक्ति हीनाय देयं श्रद्धावते शुभत् ॥२५॥

कृपा वश मैंने सर्व सिद्धि देने वाले कवच को बताया है। यह पापी को न देना चाहिए । श्रद्धावान को ही बताएँ।

अनेनास्य कृता रक्षा न बाधाऽस्य भवेत्क्वचित्,
राक्षसा सुरवेताल दैत्य दानव सम्भवा॥२६॥

इस कवच से जो रक्षित रहता है उसे राक्षस, असुर, बेताल, दैत्य दानव से उत्पन्न किसी प्रकार की बाधा प्राप्त नहीं होती है।

इति गणेश कवच

●●●

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री गणेश जी की आरती

जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।
लड्डुअन का भोग लगे सन्त करें सेवा।।१।।
एक दन्त दयावन्त, चार भुजा धारी।
मस्तक सिन्दूर सोहे, मुसे की सवारी।।२।।
अन्धन को आँख देत, कोढ़िन को काया।
बाँझन को पुत्र देत, निर्धन को माया।।३।।
हार चढ़ें, फल चढ़ें और चढ़ें मेवा।
सब काम सिद्ध करें, श्री गणेश देवा।।४।।
जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा।
विघ्न विनाशक स्वामी, सुख सम्पत्ति देवा।।५।।
पार्वती के पुत्र कहावों शंकर सुत स्वामी।
गजानन्द गणनायक, भक्तन के स्वामी।।६।।
ऋद्धि-सिद्धि के मालिक, मूषक असवारी।
कर जोड़े विनती करते, आनन्द उर भारी।।७।।
प्रथम आपको पूजत, शुभ मंगल दाता।
सिद्ध होय सब कारज, दारिद्र हट जाता।।८।।
सुण्ड सुण्डाला इन्द इन्दाला, मस्तक पर चन्दा।
कारज सिद्ध करवो, काटो सब फन्दा।।९।।
गणपति जी की आरती, जो कोई नर गावे।
तब बैकुण्ठ परम पद, निश्चय ही पावे।।१०।।

●●●

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शरीर को रोगों से मुक्ति दिलाने वाला दिव्यं सूर्यकवचम्

श्री याज्ञवल्क्य उवाच

शृणुष्व मुनिशार्दूल सूर्यस्य कवचं शुभम्,
शरीरारोग्यं दिव्यं सर्व सौभाग्यदायकम्॥१॥

श्री याज्ञवल्क्य जी बोले-हे मुनि श्रेष्ठ! सूर्य के शुभ दायी कवच को सुनो जो शरीर को आरोग्य देने वाला है तथा सम्पूर्ण दिव्यतामयी सौभाग्य को देने वाला है।

देदीप्यमान मुकुटं स्फुरन्मकर कुण्डलम्,
ध्यात्वा सहस्त्र किरणं स्तोत्र मेतदु दीरयेत्॥२॥

चमकते हुए मुकुट वाले डोलते हुए मकराकृति कुण्डल वाले हजारों किरण वाले सूर्य को ध्यान करके यह स्तोत्र प्रारम्भ करें।

शिरो मे भास्करः पातु ललाटं मेऽमित द्युतिः,
नेत्रे दिनमणिः पातु श्रवणे वासरेश्वरः॥३॥

मेरे शिर की रक्षा भास्कर करें, अपरिमित कांति वाले ललाट की रक्षा करें, नेत्र (आंखों) की रक्षा दिनमणि करें तथा कान की रक्षा दिन के ईश्वर करें।

घ्राणं धर्म घृणिः पातु वदनं वेदवाहनः,
जिह्वं मे मानदः पातु कण्ठं मे सुर वंदितः॥४॥

मेरी नाक की रक्षा धर्मघृण, मुख की रक्षा वेदवाहन जिह्वा की रक्षा मानद तथा कण्ठ की रक्षा देववन्दित करें।

स्कन्धौ प्रभाकरः पातु वक्षः पातु जनप्रियः,
पातु पादौ द्वादशात्मा सर्वाङ्ग सकलेश्वरः॥५॥

मेरे कन्धों की रक्षा प्रभाकर, छाती की रक्षा सर्वजनप्रिय, पैरों की रक्षा

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बारह आत्मा वाले तथा सर्वांग की रक्षा सबके ईश्वर करें।

सूर्य रक्षात्मकं स्तोत्रं लिखित्वा भुजपत्रके,
दधाति यः करे तस्य वशगाः सर्व सिद्धय।।६।।

इस सूर्य रक्षात्मक स्तोत्र को भोजपत्र में लिखकर जो हाथ में धारण करता है उसके सम्पूर्ण सिद्धियाँ वश में हो जाती है।

सुस्नातो यो जपेत् सम्यग्योधीते स्वस्थ मानसः,
स रोग मुक्तो दीर्घायुः मुखं पुष्टि च विंदति।।७।।

स्नान करके जो कोई स्वस्थ चित्त से कवच का पाठ करता है वह रोग से मुक्त हो जाता है, दीर्घायु होता है, सुख तथा पुष्टि प्राप्त करता है।

इति सूर्य कवच

सूर्यदेव की आरती

जय जय जय रविदेव, जय जय जय रविदेव।
राजनीति मदहारी शतदल जीवन दाता।।
षटपद मन मुदकारी हे दिनमणि ताता।
जग के हे रविदेव जय जय जय रविदेव।।
नभमण्डल के वासी ज्योति प्रकाशक देवा।
निज जनहित सुखरासी तेरी हम सब सेवा।।
करते हैं रविदेव, जय जय जय रविदेव।
कनक बदन मन मोहित रूचिर प्रभा प्यारी।।
निज मण्डल से मण्डित रूचिर प्रभा प्यारी।
हे सुरवर रविदेव जय जय जय रविदेव।।

●●●

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

एकादशमुख हनुमत्कवचम्

श्री गणेशाय नमः उक्त चागस्तिसहितायाम्

लोपामुद्रोवाच

कुम्भोद्भव दयासिन्धो श्रुतं हनुमतः प्रभो।
यन्त्रमन्त्रादिकं सर्व त्वन्मुखोदीरितं मया॥१॥

असगत्य संहिता में कहा गया है, लोपामुद्रा ने कहा-हे कुम्भोद्भव! आप तो दया के सागर हैं। मैंने आपके श्रीमुख से कहा हुआ श्री हनुमान प्रभु का यन्त्र, मन्त्रादिक सभी कुछ श्रवण किया है।

दया कुरु मयि प्राणनाथ वेदितुमुत्सहे,
कवचं वासुदेवपुत्रस्य एकादशमुखात्मनः॥२॥

हे प्राणनाथ! अब आप मुझ पर दया कीजिए। मैं एकादश मुखों वाले हनुमान जो वायुदेव के पुत्र हैं,उनके कवच को जानने का उत्साह करती हूं।

इत्येवं वचनं श्रुत्वा प्रियायाः प्रश्रयान्वितम्,
वक्तु प्रचक्रमे तत्र लोपामुद्रा प्रति प्रभुः॥३॥

इस प्रकार विनम्रता से समन्वित अपनी प्रिया के वचनों को सुनकर उस समय में प्रभु ने लोपामुद्रा के प्रति कहने का उपक्रम किया था।

अगस्त्य उवाच

नमस्कृत्वा रामदूतं हनुमन्तं महामतिम्,
ब्रह्मप्रोत्तं तु कवचं श्रृणु सुन्दरि सादरम्॥४॥

अगस्त्य जी ने कहा-महती मती वाले, श्रीराम के दूत हनुमान जी को नमस्कार करके ब्रह्माजी के द्वारा कहे कवच का हे सुन्दरि! आदर के साथ श्रवण कीजिए।

सनन्दनाय च महच्चतुराननभाषितम्,
कवचं कामद्रं दिव्यं सर्वरक्षो निवर्हणम्॥५॥

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सनन्दन के लिए चतुरानन ब्रह्मा जी के द्वारा कहा हुआ यह महान कवच सब कामनाओं को देने वाला है, परम दिव्य है और राक्षसों के कुल का निवर्हण करने वाला है।

सर्वसम्पत्प्रदं पुण्यं मर्त्यानां मधुरस्वरे,

विनियोगः

ॐ अस्य श्रीकवचस्यैकादशवक्त्रस्य धीमतः।।६।।
हनुमत्कवचमन्त्रस्य सनन्दन ऋषि स्मृतः,
प्रसन्नात्मा हनुमांश्च देवताऽत्र प्रकीर्तिता।।७।।

हे मधुर स्वर! यह कवच सब सम्पदाओं के करने वाला है और मनुष्यों के लिए परम पुण्यमय है। इस धीमान एकादश मुखों वाले के कवच के तथा हनुमत्कवच मंत्र के सनन्दन ऋषि कहे गये हैं और प्रसन्न आत्मा वाले हनुमान इसके देवता है।

छन्दोऽनुष्टप्समाख्यातं बीजं वायुसुयस्तथा,
मुख्यात्र प्राणशक्तिशक्तिश्च विनियोगः प्रकीर्तितः।।८।।

इसका छन्द अनुष्टुप् है और वायुसुत बीज कहा गया है और यहाँ पर मुख्या प्राण शक्ति है ऐसा विनियोग कहा गया है।

करन्यासः

ॐ स्फ्रें बीतशक्तिधृक्पातु शिरो मे पवनात्मजः अंगुष्ठाभ्यां नमः।।
क्रौं बीजात्मा नयनयोः पातु माँ वानरेश्वरः तर्जनीभ्यां नमः।।
ॐक्षम्जबीरूपी कर्णौं मे सीताशोकविनाशानः मध्यमाभ्यां नमः।।
ॐ ग्लौं बीजवाच्यो नासां मे लक्ष्मणप्राणदायकः अनामिकाभ्यां नमः।।
ॐ वं बीजार्थश्च कण्ठं मे अक्षयक्षयकारकः कनिष्ठिकाभ्यां नमः।।
ॐ रां बीजवाच्यो हृदयं पातु मे कपिनायकः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।।

कवच प्रारम्भ

ॐ वं बीजकीर्तिः पातु बाहुं मे चांअंजनीसुतः,
ॐ ह्रां बीजं राक्षसेन्द्रस्य दर्पहा पातुचोदरन्।।९।।

ओं वं कीर्त्तित अञ्जनीसुत मेरी दोनों बाहुओं की रक्षा करें। ओ ह्रां बीज राक्षसेन्द्र के दर्प का हरण करने वाले उदर की रक्षा करें।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ह्वं सौंबीजमयोमध्यं मे पातु लंका विदाहकः,
ह्रीं बीजधरो गुह्यं मे पातु देवेन्द्रवन्दितः।।१०।।

ह्सौ बीज लंका के विदाह करने वाले बाबा मेरे अधोमध्य की रक्षा करें। ऊँ बीजधर देवेन्द्र के द्वारा वन्दित मेरे गुह्य की रक्षा करें।

रं बीजात्मा सदा पातु चोरू मे वार्धिलंघनः,
सुग्रीव सचिवः पातु जानुनी मे मनोजवः,
पादु पादतले पातु द्रोणार्चय धरो हरिः।।११।।

रं बीजात्मा वारिधि के लाँघने वाले सदा मेरे उरुओं की रक्षा करें। सुग्रीव के सचिव मान के समान वेग वाले मेरे दोनों जानुओं की रक्षा करें।

आपादमस्तकं पातुरामदूतो महाबलः,
पूर्वे वानरवक्त्रो माचाग्नेय्याँ क्षत्रियान्तकृत्।।१२।।

महान बल वाले राम-दूत शिर से लेकर पैरों तक मेरा परित्राण करें। पूर्व दिशा में वानर वक्त्र मेरी रक्षा करें, आग्नेयी दिशा में क्षत्रियों का अन्त करने वाले रक्षा करें।

दक्षिणे नारसिंहस्तु नैऋत्यां गणनायकः,
वारुण्यां दिशि मामव्यात्खगवक्री हरीश्वरः।।१३।।

दक्षिण में नारसिंह रक्षा करें और नैऋत्य दिशा में गणों के नायक मेरा त्राण करें। वारुणी दिशा में खग मुख मेरी रक्षा करें।

वायव्यां भैरवमुखः कौंबेर्या पातु मां सदा,
क्रोडास्यः पातु माँ नित्यमीशान्याँ रुद्ररूपधृक।।१४।।

हरीश्वर वायाव्य में, भैरव मुख कौबेरी दिशा में सदा मेरी रक्षा करें। ईशानी दिशा में क्रोडास्य मुख रुद्र रूपधारी मेरी नित्य रक्षा करे।

उर्ध्वं हयानना पातु त्वधः शेष मुखस्तथा,
रामस्तु पातु माँ सर्वत्र नित्यं सौम्यरूपी महाभुजः
एकादशमुखस्यैतद्दिव्यं वै कीर्तित मया।।१५।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सौम्य रूपी महान् भुजाओं वाले राम मेरी नित्य ही रक्षा करें। यह एकादश मुखों वाले हनुमान जी के दिव्य कवच को मैंने वर्णित कर दिया है।

रक्षोघ्नं कामंद सौम्य सर्वसम्पद्विधायकम्,
पुत्रदं धनदं चोग्रं शत्रु संधविममर्दनम्।।१६।।

यह राक्षसों के हनन करने वाला, कामनाओं के प्रदान करने वाला, परम सौम्य सब प्रकार की सम्पदाओं के करने वाला, पुत्र देने वाला, धन प्रदान करने वाला, उग्र और शत्रुओं की सम्पत्ति का मर्दन करने वाला है।

स्वर्गापवर्गदं दिव्यं चिन्तितार्थप्रदं शुभम्,
एतत्कवचमज्ञात्वा मन्त्रसिद्धिर्न जायते।।१७।।

यह स्वर्गीय सुख और अपवर्ग (मोक्ष) को देने वाला है, यह परम दिव्य, शुभ और चिन्तित किये हुए अर्थ का देने वाला है। इस कवच का ज्ञान न प्राप्त करके कभी मन्त्र सिद्धि नहीं हुआ करती है।

चत्वारिंशत्सहस्त्राणि पठेच्छुद्धात्मना नरः,
एकवारंपठेन्नित्यं कवचं सिद्धिद पुमान।।१८।।

मनुष्य को शुद्धात्मा से चालीस हजार बार इसका पाठ करना चाहिए। नित्य एक बार इस कवच का पाठ करें तो यह महान् सिद्धि को प्रदान करने वाला होता है।

द्विवारं या त्रिवारं वा पठेदायुष्यमाप्नुयात्,
क्रमादेकादशामेवमावर्तनजपात्सुधीः ।।१९।।
वर्षान्ते दर्शनं साक्षाल्लभते नात्र संशयः,
यं यं चिन्तयतेकामं तं तं प्राप्नोति पुरुषः।।२०।।

दो अथवा तीन बार इसका पाठ करें तो आयुष्य की प्राप्ति करता है। क्रम में इस प्रकार से सुखी इसकी एकादश आवृति करे तो एक वर्ष के अन्त में श्री हनुमान जी का साक्षात् दर्शन प्राप्त किया करता है, इसमें लेशमात्र भी संशय नहीं है। जिस जिस कामना का चिन्तन किया करता है वह पुरुष उसी-उसी को प्राप्त करता है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ब्रह्मोदीरितमेतद्धि तवाग्रे कथितं महत्,
इत्येवमुक्त्वा कवचं महर्षितूष्णीं बभूवेन्दमुखीं निरीक्ष्य
संहृष्टचित्ताऽपि तदा तदीयौ पादौ ननामातिमुदा स्वभर्तुः॥२१॥

ब्रह्माजी ने इसको कहा था वही मैंने तुम्हारे सामने कह दिया है। महर्षि इस प्रकार से कहकर उस इन्द्रमुखी को देख कर चुप हो गये थे। उस समय वह भी परम प्रसन्न चित्त वाली होती हुई अपने स्वामी के चरणों में अत्यधिक प्रसन्नता से प्रणाम करने वाली हुई थी।

अगस्त्य संहित इति अगस्त्य संहिताया एकादश मुखी हनुमान
कवच सम्पूर्ण इति श्री अगस्त्य

एकादशमुखी
श्री हनुमान जी की आरती

आरती श्री अंजनि कुमार की।
शिवस्वरूप मारुतनन्दन, केसरी सुअन कलियुग कुठार की॥

हिय में राम सीय नित राखत, मुख सों राम नाम गुण भाखत।
सुमधुर भक्ति प्रेम रस चाखत, मंगलकर मंगलाकार की॥

विस्मृत बल पौरुष, अतुलित बल, दहन दनुज वन हित दावानल।
ज्ञान मुकुट मणि, पूर्णगुण सकल, मंजु भूमिशुभ सदाचार की॥

मन इंद्रिय विजयी, विशालमति, कलानिधान, निपुणगायकअति।
छंद व्याकरण शास्त्र अमित गति, रामभक्त अतिशय उदार की,

पावन परम सुभक्ति प्रदायक, शरणागत को सब सुखदायक।
विजयी वानर सेना नायक, सुगति पोत के कर्णधार की॥

●●●

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सर्वकामदम् श्री सरस्वती कवचम्

गुरु उवाच

शृणु शिष्य! प्रवक्ष्यामि कवचं सर्वकामदम्,
धृत्वा तु सततं सर्वैः प्रपाठ्योऽयं स्तवः शुभः॥१॥

वृहस्पति जी बोले-हे शिष्य! सुनो! सम्पूर्ण कार्य पूरा करने वाले कवच को कहता हूँ। इस शुभ कवच को धारण करके सभी को पाठ करना चाहिए।

विनियोग मन्त्रः

अस्य श्री सरस्वती स्तोत्र कवचस्य प्रजापति ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः, शारदा देवता, सर्वतत्व परिज्ञाने सर्वार्थ साधनेषु च कवितासु च सर्वासु विनियोगः प्रकीर्तितः। इति पठित्वा विनियोगं कुर्यात्।

॥कवच प्रारम्भ॥

ॐ श्रीं ह्रीं सरस्वत्यै स्वाहा शिरो मे पातु सवर्तः,
ॐ श्रीं वाग्देवतायै स्वाहा भालं मे सर्वदावतु॥१॥

ॐ श्रीं ह्रीं सरस्वती के लिए स्वाहा, मेरे शिर की चारों ओर से रक्षा करें। ॐ श्रीं वाणी देवी के लिए स्वाहा मेरे ललाट की हमेशा रक्षा करें।

ॐ सरस्वत्यै स्वाहेति श्रोत्रेपातु निरन्तरम्,
ॐ ह्रीं श्रीं भगवत्यै सरस्वत्यैस्वाहा नेत्रयुग्मंसदावतु॥२॥

ॐ सरस्वती के लिए स्वाहा कान में निरन्तर रक्षा करें ॐ ह्रीं श्रीं भगवती सरस्वती के लिए स्वाहा दोनों नेत्रों की रक्षा सदा करे।

ॐ ऐं ह्रीं वाग्वादिन्यै स्वाहा नासाँ मे सर्वदावतु,
ॐ ह्रीं विद्याऽधिष्ठातृ दैव्यै स्वाहा चोष्ठं सदावतु॥३॥

ॐ ऐं ह्रीं वाग्वादिनी के लिए स्वाहा मेरे नाक को हमेशा रक्षा करें। ॐ ह्रीं विधा अधिष्ठात्री देवी के लिए स्वाहा है वह मेरे ओष्ठों की रक्षा करें।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ॐ श्रीं ह्रीं ब्राह्मयै स्वाहेति दन्तपंक्ति सदावतु,
ॐ ऐं इत्येकाक्षरी मन्त्रो मम कण्ठं सदाऽवतु॥४॥

ॐ श्रीं ह्रीं ब्राह्मी के लिए स्वाहा वे मेरी दाँत की पंक्ति में सदा रक्षा करें ॐ ऐं ऐसा एकाअक्षर का मन्त्र मेरे कण्ठ की हमेशा रक्षा करें।

ॐ श्रीं ह्रीं पातु मे ग्रीवां स्कन्धौ मे श्रीः सदावतु,
ॐ ह्रीं विद्याऽधिष्ठात्री देव्यै स्वाहा वक्षः सदावतु॥५॥

ॐ श्रीं ह्रीं मेरे गले की रक्षा करें मेरे दोनों स्कन्धों की रक्षा करें। ॐ ह्रीं विद्या की अधिष्ठात्री देवी के लिए स्वाहा, वे मेरे वक्षस्थल की रक्षा हमेशा करें।

ॐ ह्रीं विद्याऽधिस्वरूपायै स्वाहा मे पातु नाभिकाम्,
ॐ ह्रीं क्लीं वाण्यै स्वाहेति मम हस्तौ सदावतु॥६॥

ॐ ह्रीं विद्या अधिस्वरूपा के लिए स्वाहा वे मेरी नाभि की रक्षा करें। ॐ क्लीं वाणी के लिए स्वाहा वे मेरे दोनों हाथों की रक्षा सदा करें।

ॐ सर्ववर्णात्मिकार्य स्वाहा पादयुग्मं सदावतु,
ॐ वागधिष्ठात देव्यै स्वाहा सर्व सदावतु॥७॥

ॐ सभी वर्णात्मिका स्वरूपिणी देवी के लिए स्वाहा दोनों चरणों की सदा रक्षा करें। ॐ वाणी की अधिष्ठात्री देवी के लिए स्वाहा सदा चारो ओर से रक्षा करें।

ॐ सर्व कण्ठवासिन्यै स्वाहा प्राच्यां सदावतु,
ॐ सर्व जिह्वाग्रवासिन्यै स्वाहाऽग्नि दिशा रक्षतु॥८॥

ॐ सभी के कण्ठ में वास करने वाली के लिए स्वाहा पूर्व दिशा की रक्षा करें। ॐ सभी के जिह्वा के आगे रहने वाली के लिए स्वाहा आग्नेय दिशा की रक्षा करें।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सरस्वत्यै बुध जनन्यै स्वाहा,
ॐ सततं मन्त्र राजोय दक्षिणे मां सदावतु॥९॥

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सरस्वती बुध जननी के लिए स्वाहा। ॐ निरन्तर यह मन्त्रों का राजा मेरे दक्षिण की ओर रक्षा करे।

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं त्र्यक्षरो मन्त्रो नैऋत्ये सर्वदाऽवतु,
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं जिह्वाग्रवासिन्यै स्वाहा प्रातीच्याँ
मां सर्वदावतु॥१०॥

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं तीन अक्षर का मंत्र नैर्ऋत्य में सदा रक्षा करें। ॐ ऐं ह्रीं जिह्वा के आगे बैठने वाली के लिए स्वाहा, वे पश्चिम में सदा रक्षा करें।

ॐ सर्वाम्बिकायै स्वाहा वायव्ये मां सदाऽवतु,
ॐऐं ह्रीं क्लीं गद्यपद्यवासिन्यैस्वाहा मामुत्तरेसदावतु ॥११॥

ॐ सबकी अम्बिका के लिए स्वाहा मेरे वायव्य में सदा रक्षा करें। ॐ ऐं ह्रीं क्लीं गद्य पद्य में निवास करने वाली के लिए स्वाहा मुझको उत्तर की ओर से सदा रक्षा करें।

ॐ ऐं सर्वशास्त्रवादिन्य स्वाहैशान्यै सदावतु,
ॐ ह्रीं सर्व पूजितायै स्वाहा चोर्ध्वं सदावतु॥१२॥

ॐ ऐं सम्पूर्ण शास्त्र बोलने वाली के लिए स्वाहा ईशान की तरफ हमेशा रक्षा करें। ॐ ह्रीं सभा के द्वारा पूजिता के लिए स्वाहा ऊपर की ओर से हमेशा रक्षा करें।

ॐ ह्रीं पुस्तकवासिन्यै स्वाहा सदाऽधोमा सदावतु,
ॐ ग्रन्थ बीज स्वरूपायै स्वाहा मां सर्वतोऽवतु।१३॥

ॐ ह्रीं पुस्तकवासिनी के लिए स्वाहा नीचे से मुझे हमेशा रक्षा करें। ॐ ग्रंथ (धर्मशास्त्र) के बीज स्वरूपा के लिए स्वाहा मुझे चारों ओर से रक्षा करें।

इति ते कथितं शिष्यं ब्रह्म मन्त्रौध विग्रहम,
इदं विश्व जयं नाम कवचं ब्रह्मरूपकम्॥१४॥

हे शिष्य! सम्पूर्ण पाप नाश करने वाला यह ब्रह्ममन्त्र तुमको बताया। यह विश्व विजय नामक ब्रह्म का रूप है।

।।इति श्री सरस्वती कवचम्।।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री सरस्वती जी की आरती



आरती कीजै सरस्वती की,
जनन विद्या बुद्धि भक्ति की ।टेक।
जाकी कृपा कुमति मिट जाये,
सुमिरण करत सुमति गति आये।
शुक सनकादिक जासु गुण गाये,
वाणी रूप अनादि शक्ति की। आरती०
नाम जपत भ्रम छूटि दिए के,
दिव्य दृष्टि शिशु उदर हिय के
मिलहिं दर्श पावन सिय पिय के,
उड़ाई सुरभि युग-युग कीर्ति की। आरती०
रचित जासु बल वेद पुराणा,
जेते ग्रन्थ रचित जगनाना।
तालु छन्द स्वर मिश्रित गाना,
जो आधार कवि यति सति की। आरती०

●●●

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सर्वरक्षा करणम् श्री दुर्गा कवचम्

विनियोग मन्त्रः

ॐ अस्त्र श्री चंडीकवचस्य ब्रह्मा ऋषि, अनुष्टुप् छन्दः, चामुण्डा देवता, अङ्गन्यासोक्तमातरो बीजम्, दिग्बन्धदेवतास्तत्त्वम् श्री जगदम्बाप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः॥

ॐ नमश्चंडिकायै॥ (ॐ चण्डिका देवी को नमस्कार है।)

(इस चण्डिका मन्त्र के 108 जप करें।

मार्कण्डेय उवाच

ॐ यदगुह्यं परमं लोके सर्वरक्षाकरं नृणाम्,
यन्न कस्यचिदाख्यातं तन्मे ब्रूहि पितामह॥१॥

मार्कण्डेय जी ने कहा-पितामह! जो इस संसार में परमगोपनीय तथा मनुष्यों की सब प्रकार से रक्षा करने वाला है और जो अब तक आपने दूसरे किसी के सामने प्रकट नहीं किया हो, ऐसा कोई साधन मुझे बताइये।

ब्रह्मोवाच

अस्ति गुह्यतमं विप्र सर्वभूतोपकारकम्,
देव्यास्तु कवचं पुण्यं तच्छ्रणुष्व महामनु॥२॥

ब्रह्माजी बोले-ब्रह्मन! ऐसा साधन तो एक देवी का कवच ही है, जो गोपनीय से भी परम गोपनीय, पवित्र तथा सम्पूर्ण प्राणियों का उपकार करने वाला है। महामुने! उसे श्रवण करो।

प्रथमं शैलीपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी,
तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम्॥३॥
पञ्चमं स्कन्धमातेति षष्ठं कात्यायनीति च,
सप्तमं कालरात्रीति महागौरीति चाष्टमम्॥४॥
नवम् सिद्धिदात्री च नवदुर्गाः प्रकीर्तिताः,
उक्तान्येतानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मना॥५॥

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

देवी के नौ रूप हैं, जिन्हें 'नवदुर्गा' कहते हैं। प्रथम रूप शैलीपुत्री है। दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी है। तीसरा स्वरूप चन्द्रघण्टा के नाम से प्रसिद्ध है। चौथा कूष्माण्डा है। पाँचवी दुर्गा का नाम स्कन्ध माता है। देवी के छठे रूप को कात्यायनी कहते हैं। सातवाँ कालरात्रि आठवाँ स्वरूप महागौरी के नाम से प्रसिद्ध है। नवीं दुर्गा का नाम सिद्धिदात्री है। ये सब नाम सर्वज्ञ महात्मा वेद भगवान के द्वारा ही प्रतिपादित हुए हैं।

अग्निना दह्यमानस्तु शत्रुमध्ये गतो रणे,
विषमे दुर्गमे चैव भयार्त्ताः शरणं गताः॥६॥
न तेषां जायते किंचिदअशुभं रणसंकटे,
नापदं तस्य पश्चामि शोकदुःखभयं न हि॥७॥

जो मनुष्य अग्नि में जल रहा हो, रणभूमि में शत्रुओं से घिर गया हो, विषम संकट में फंस गया हो तथा इस प्रकार भय से आतुर होकर जो भगवती दुर्गा की शरण में प्राप्त हुए हों, उनका कभी काई अमंगल नहीं होता। युद्ध के समय, संकट में पड़ने पर भी उनके ऊपर कोई विपत्ति नहीं दिखायी देती। उन्हें शोक, दुःख और भय की प्राप्ति नहीं होती ।

यैस्तु भत्तया स्मृता नूनं तेषां वृद्धिः प्रजायते,
ये त्वां स्मरन्ति देवेशि रक्षसे तान्ना संशयः॥८॥

जिन्होंने भक्ति पूर्वक देवी की स्मरण किया है, उनका निश्चय ही अभ्युदय होता है। देवेश्वरि! जो तुम्हारा चिन्तन करते हैं, उनकी तुम निःसन्देह रक्षा करती हो।

प्रेतसंस्था तु चामुण्डा वाराही महिषासना,
ऐन्द्री गजसमारूढा वैष्णवी गरुड़ासना॥९॥

चामुण्डा देवी प्रेत पर आरूढ़ होती हैं। वाराही भैंस की सवारी करती हैं। ऐन्द्री का वाहन ऐरावत हाथी है। वैष्णवी देवी गरूड़ पर ही आसन जमाती है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

माहेश्वरी वृषारूढा कौमारी शिखिवाहना,
लक्ष्मीः पद्मासना देवी पद्महस्ता हरिप्रिया॥१०॥

माहेश्वरी वृषभ पर आरूढ़ होती है। कौमारी का वाहन मयूर है। भगवान विष्णु की प्रियतमा लक्ष्मी देवी कमल के आसन पर विराजमान है और हाथों में कमल धारण किये हुए हैं।

श्वेतरूपधरा देवी ईश्वरी वृषभवाहना,
ब्राह्मी हंससमारूढा सर्वाभरणभूषिता॥११॥

वृषभ पर आरूढ़ ईश्वरी देवी ने श्वेत रूप धारण कर रखा है। ब्राह्मी देवी हंस पर बैठी हुई है और सब प्रकार के आभूषण से विभूषित है।

इत्येता मातरः सर्वाः सर्वयोगसमन्विताः,
नानाभरणशोभाढया नानारत्नोपशोभिताः॥१२॥

इस प्रकार से सभी माताएँ सब प्रकार की योगशक्तियों से सम्पन्न हैं। इसके सिवा और भी बहुत सी देवियाँ हैं, जो अनेक प्रकार के आभूषणों की शोभा से युक्त तथा नाना प्रकार के रत्नों से सुशोभित हैं।

दृश्यन्ते रथमारूढा देव्यः क्रोधसमाकुलाः,
शंख चक्रं गदां शक्तिं हलं च मुसलायुधम्॥१३॥
खेटकं तोमरं चैव परशुं पाशमेव च,
कुन्तायुधं त्रिशूलं च शार्ङ्गमायुधमुत्तमम्॥१४॥
दैत्यानां देहनाशाय भक्तनामभयाय च,
धारयन्त्यायुधानीत्थं देवानां च हिताय वै॥१५॥

ये सम्पूर्ण देवियाँ क्रोध में भरी हुई हैं और भक्तों की रक्षा के लिए रथ पर बैठी दिखायी देती हैं। शंख, चक्र, गदा, शक्ति हल और मूसल, खेटक और तोमर, परशु तथा पाश, कुन्त और त्रिशूल एवं उत्तम शार्ग धनुष आदि अस्त्र-शस्त्र अपने हाथों में धारण करती हैं। दैत्यों के शरीर का नाश करना, भक्तों को अभयदान देना और देवताओं का कल्याण करना-यही उनके शस्त्र धारण का उद्देश्य है।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

नमस्तेऽस्तु महारौद्रे महाघोरपराक्रमे,
महाबले महात्साहे महाभयविनाशिनि॥१६॥

महान रौद्ररूप, अत्यन्त घोर पराक्रम, महान बल और महान उत्साह वाली देवि! तुम महान भय का नाश करने वाली हो, तुम्हें नमस्कार है। (कवच आरम्भ करने से पहले इस प्रकार प्रार्थना करनी चाहिए)

त्राहि मां देवि दुष्प्रेक्ष्ये शत्रूणां भयवर्द्धिनि,
प्राच्यां रक्षतु मामैन्द्री अग्नेय्याम अग्निदेवता॥१७॥
दक्षिणेऽवतु वाराही नैर्ऋत्यां खड्गधारिणी,
प्रतीच्यां वारुणी रक्षेद् वायव्यां मृगवाहिनी॥१८॥

तुम्हारी ओर देखना भी कठिन है। शत्रुओं का भय बढ़ाने वाली जगदम्बिके! मेरी रक्षा करो। पूर्व दिशा में ऐन्द्री मेरी रक्षा करें। अग्निकोण में अग्निशक्ति, दक्षिण दिशा में वाराही तथा नैर्ऋत्यकोण में खंगधारिणी मेरी रक्षा करे। पश्चिम दिशा में वारूणी और वायव्यकोण में मृग पर सवारी करने वाली देवी मेरी रक्षा करें।

उदीच्यां पातु कौमारी ऐशान्या शूलधारिणी,
उर्ध्व ब्रह्माणि मे रक्षेदधस्ताद् वैष्णवी तथा॥१९॥

उत्तर दिशा में कौमारी और ईशानकोण में शूलधारिणी देवी रक्षा करे। ब्रह्माणी! तुम ऊपर की ओर से मेरी रक्षा करो और वैष्णवी देवी नीचे की ओर से मेरी रक्षा करे।

एवं दश दिशो रक्षेच्चामुण्डा शववाहना,
जया मे चाग्रतः पातु विजया पातु पृष्ठतः॥२०॥

इसी प्रकार शव को अपना वाहन बनाने वाली चामुण्डा देवी दसों दिशाओं में मेरी रक्षा करे। जया आगे से और विजया पीछे की ओर से मेरी रक्षा करें।

अजिता वामपार्श्वे तु दक्षिणे चापराजिता,
शिखामुद्योतिनी रक्षेदुमा मूर्ध्नि व्यवस्थिता॥२१॥

वामभाग में अजिता और दक्षिण भाग में अपराजिता रक्षा करें। उद्योतिनी शिखा की रक्षा करे। उमा मेरे मस्तक पर विराजमान होकर रक्षा करे।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मालाधरी ललाटे च भ्रुवौ रक्षेद यशस्विनी,
त्रिनेत्रा च भ्रुवोर्मध्ये यमघण्टा च नासिके॥२२॥

ललाट में मालाधरी रक्षा करे और यशस्विनी देवी मेरी भौंहों का संरक्षण करे। भौंहों के मध्यभाग में त्रिनेत्रा और नथुनों की यमघण्टा देवी रक्षा करे।

शंखिनी चक्षुषोर्मध्ये श्रोत्रयोर्द्वारवासिनी,
कपोलौ कालिका रक्षेत्कर्णमूले तु शांकरी॥२३॥

दोनों नेत्रों के मध्यभाग में शंखिनी और कानों में द्वारवासिनी रक्षा करे। कालिका देवी कपोलों की तथा भगवती शॉकरी कानों के मूलभाग की रक्षा करे।

नासिकायाँ सुगन्धा च उत्तरोष्ठे च चर्चिका,
अधरे चामृतकला जिह्वायां च सरस्वती॥२४॥

नासिका में सुगन्धा और ऊपर के ओठ में चर्चिका देवी रक्षा करे। नीचे के ओठ में अमृतकला तथा जिह्वा में सरस्वती रक्षा करे।

दन्तान् रक्षतु कौमारी कण्ठदेशे तु चंडिका,
घण्टिकां चित्रघण्टा च महामाया च तालुके॥२५॥

कौमारी दाँतों और चण्डिका कण्ठ प्रदेश की रक्षा करे। चित्रघण्टा देवी गले की और महामाया तालू में रहकर रक्षा करे।

कामाक्षी चिबुकं रक्षेद् वाचं मे सर्वमङ्गला,
ग्रीवायॉ भद्रकाली च पृष्ठवंशे धनुर्धरी॥२६॥

कामाक्षी ठोड़ी की और सर्वमंगला मेरी वाणी की रक्षा करे, भद्रकाली ग्रीवा में और धनुर्धरी पृष्ठ वंश (मेरूदण्ड) में रहकर रक्षा करे।

नीलग्रीवा बर्हि:कण्ठे नलिकां नलकूबरी,
स्कंधयो: खंगिनी रंक्षेद् बाहू मे वज्रधारिणी॥२७॥

कण्ठ के बाहरी भाग में नीलग्रीवा और कण्ठ की नली में नलकूबरी रक्षा करे। दोनों कंधों में खंगिनी और मेरी दोनों भुजाओं की वज्रधारिणी रक्षा करे।

हस्तयोर्दण्डिनी रक्षेदम्बिका चाङ्गुलीषु च,
नखाञ्छूलेश्वरी रक्षेत्कुक्षौ रक्षेत्कुलेश्वरी॥२८॥

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

दोनों हाथों में दण्डिनी और अंगुलियों में अम्बिका रक्षा करे। शूलेश्वरी नखों की रक्षा करे। कुलेश्वरी कुक्षि की रक्षा करे।

स्तनौ रक्षेन्महादेवी मनःशोकविनाशिनी,
हृदये ललिता देवी उदरे शूलधारिणी॥२९॥

महादेवी दोनों स्तनों की और शोकविनाशनी देवी मन की रक्षा करे। ललिता देवी हृदय में और शूलधारिणी उदर में रह कर रक्षा करे।

नाभौ च कामिनी रक्षेद् गुह्यं गुह्येश्वरी तथा,
पूतना कामिका मेढ्रं गुदे महिषवाहिनी॥३०॥

नाभि में कामिनी और गुह्यभाग में गुह्येश्वरी रक्षा करे। पूतना और कामिका लिंग की और महिष-वाहिनी गुदा की रक्षा करे।

कट्यां भगवती रक्षेज्जानुनी विन्ध्यवासिनी,
जंघे महाबली रक्षेत्सर्वकामप्रदायिनी॥३१॥

भगवती कटिभाग में और विन्ध्यवासिनी घुटनों की रक्षा करे सम्पूर्ण कामनाओं को देने वाली महाबली देवी दोनों पिण्डलियों की रक्षा करे।

गुल्भयोर्नारसिंही च पादपृष्ठे तु तैजसी,
पादांगुलीषु श्री रक्षेत्पादाधस्तलवासिनी॥३२॥

नारसिंही दोनों घुछियों की और तैजसी देवी दोनों चरणों के पृष्ठ भाग की रक्षा करे। श्री देवी पैरों की अंगुलियों में और तलवासिनी पैरों के तलुओं में रहकर रक्षा करे।

नखान् दंष्ट्राकराली च केशांश्चैवोर्ध्वकेशिनी,
रोमकूपेषु कौबेरी त्वचं वागीश्वरी तथा॥३३॥

अपनी दाढ़ों के कारण भयंकर दिखायी देने वाली द्रंष्ट्राकराली देवी नखों की और ऊर्ध्व केशिनी देवी केशों की रक्षा करे। रोमावलियों के छिद्रों की कौवेरी और त्वचा की वागीश्वरी देवी रक्षा करे।

रक्तमज्जावसामांसान्यस्थिमेदांसि पार्वती,
अंत्राणि कालरात्रिश्च पित्तं च मुकुटेश्वरी॥३४॥

पार्वती देवी रक्त, मज्जा, माँस, हड्डी और मेद की रक्षा करें।

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

आंतों की कालरात्रि और पित्त की मुकुटेश्वरी रक्षा करे।

पद्मावती पद्मकोशे कफे चूड़ामणिस्तथा,
ज्वालामुखी नखज्वालाभमेद्या सर्वसन्धिषु॥३५॥

मूलाधार आदि कमलकोशों में पद्मावती देवी और कफ में चूड़ामणि देवी स्थित होकर रक्षा करे। नख के तेज की ज्वालामुखी रक्षा करे। जिसका किसी भी नख से भेदन नहीं हो सकता, वह अभेद्या देवी शरीर की समस्त सन्धियों में रहकर रक्षा करे।

शुक्रं ब्रह्माणि मे रक्षेच्छायां छत्रेश्वरी तथा,
अहंकारं मनो बुद्धिं रक्षेन्मे धर्मधारिणी॥३६॥

ब्रह्माणि! आप मेरे वीर्य की रक्षा करे। छत्रेश्वरी छाया की तथा धर्मधारिणी देवी मेरे अहंकार, मन और बुद्धि की रक्षा करे।

प्राणपानौ तथा व्यानमुदानं च समानकम्,
वज्रहस्ता च मे रक्षेत्प्राणं कल्याणशोभना॥३७॥

हाथ में वज्र धारण करने वाली वज्रहस्ता देवी मेरे प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान वायु की रक्षा करे। कल्याण से शोभित होने वाली भगवती कल्याण शोभना मेरे प्राण की रक्षा करे।

रसे रूपे च गन्धे च शब्दे स्पर्शे च योगिनी,
सत्त्वं रजस्तमश्चैव रक्षेन्नारायणी सदा॥३८॥

रक्षा, रूप, गंध, शब्द और स्पर्शदि विषयों का अनुभव करते समय योगिनी देवी रक्षा सदा करे तथा सत्वगुण, रजोगुण और तमोगुण की रक्षा सदा नारायणी देवी करे।

आयु रक्षतु वाराही धर्म रक्षतु वैष्णवी,
यशः कीर्तिं च लक्ष्मी च धनं विद्यां च चक्रिणी॥३९॥

वाराही आयु की रक्षा करे। वैष्णवी धर्म की रक्षा करे तथा चक्रिणी (चक्र धारण करने वाली) देवी यश, कीर्ति, लक्ष्मी, धन तथा विद्या की रक्षा करे।

गोत्रमिन्द्राणि मे रक्षेत्पशून्मे रक्ष चण्डिके,
पुत्रान् रक्षेन्महालक्ष्मीभार्यां रक्षतु भैरवी॥४०॥

Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

इन्द्राणि! आप मेरे गोत्र की रक्षा करें। चण्डिके! तुम मेरे पशुओं की रक्षा करो। महालक्ष्मी पुत्रों की रक्षा करे और भैरवी पत्नी की रक्षा करे।

पन्थानं सुपथा रक्षेन्मार्ग क्षेमकारी तथा,
राजद्वारे महालक्ष्मी विंजया सर्वतः स्थिता।।४१।।

मेरे पथ की सुपथा तथा मार्ग की क्षेमकारी रक्षा करे। राजा के दरबार में महालक्ष्मी रक्षा करे तथा सब ओर व्याप्त रहने वाली विजया देवी सम्पूर्ण भयों से मेरी रक्षा करे।

रक्षाहीनं तु यत्स्थानं वर्जितं कवचेन तु,
तत्सर्व रक्ष मे देवि जयती पापनाशिनी।।४२।।

देवी! जो स्थान कवच में नहीं कहा गया है, अतएव रक्षा से रहित है, वह सब तुम्हारे द्वारा सुरक्षित हो, क्योंकि तुम विजयशालिनी और पापनाशिनी हो।

पदमेकं न गच्छेत्तु यदीच्छेच्छुभमात्मनः,
कवचेनावृतो नित्यं यत्र यत्रै व गच्छति।।४३।।
तत्र तत्रार्थलाभश्च विजयः सार्वकामिकः,
यं यं चिंतयते कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम्।।४४।।

